# समाज विकास

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र

• मई २०१७ • वर्ष ६८ • अंक ०५
मूल्य : ₹ १० प्रति, वार्षिक ₹ १००



कार्यकारिणी समिति के अवसर पर उपस्थित प्रांतीय शाखाओं के पदाधिकारीगण एवं अन्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रह्लाद राय अगरवाला, भूतपूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षगण श्री सीताराम शर्मा एवं श्री रामअवतार पोद्दार के साथ।

## अखिल भारतीय समिति की बैठक रविवार १८ जून २०१७ को राँची में


## झारखण्ड प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में




गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के गठन के अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रह्लाद राय अगरवाला, गुजरात प्रांत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री जयप्रकाश अग्रवाल, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री दामोदर प्रसाद विदावतका।

### इस अंक में :

- अध्यक्षीय - गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का गठन एक मील का पत्थर
- सम्पादकीय - कैसे हो वैवाहिक समारोहों में मद्यपान पर नियंत्रण
- कार्यकारिणी समिति एवं स्थायी समिति की बैठक - रपट
- आलेख - सम्मेलन के सदस्य बने एवं बनाये।
- प्रांतीय समाचार - बिहार, पूर्वोत्तर, उत्कल, झारखंड, दिल्ली।


LOOKS
MATTER
FORCE
NXT
INNER FASHION
GO FOR NXT
Shop online at www.shopnxt.in and also available at all leading online portals

# समाज विकास

◆ मई २०१७ ◆ वर्ष ७० ◆ अंक ०५

◆ एक प्रति - ₹१० ◆ वार्षिक - ₹१००


## अनुक्रमणिका


| शीर्षक | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| • **सम्पादकीय : सन्तोष सराफ**<br>कैसे हो वैवाहिक समारोहों में<br>मद्यपान पर नियंत्रण | ३ |
| • चिट्ठी आई है | ५ |
| • **अध्यक्षीय : प्रह्लाद राय अगरवाला**<br>गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का<br>गठन एक मील का पत्थर | ७ |
| • कार्यकारिणी समिति की बैठक - रपट | ९ |
| • स्थायी समिति की बैठक - रपट | ११ |
| • गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन<br>का गठन - रपट | १३ |
| • गोपेश्वर, उत्तराखंड मे अनुदान | १४ |
| • **प्रान्तीय समाचार–**<br>बिहार, पूर्वोत्तर, दिल्ली, उत्कल, झारखंड | १७-२२ |
| • श्रद्धांजलि स्व. पुष्कर लाल केडिया<br>**– सीताराम शर्मा** | २३ |
| • कल आज कल **– हरि प्रसाद बुधिया** | २३ |
| • आलेख : **शिव कुमार लोहिया**<br>सम्मेलन के सदस्य बने एवं बनायें | २७ |
| • मां शारदा की प्रार्थना **– डॉ. हरि प्रसाद कानोड़िया** | ३० |
| • नए सदस्यों का स्वागत | ३२ |



**स्वत्वाधिकारी**

**अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन**

**प्रशासनिक एवं सम्पर्क कार्यालय : ४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता - ७०००१७**

**फोन : ०३३-४००४ ४०८९**

पंजीकृत कार्यालय : १५२बी (द्वितीय तल), महात्मा गांधी रोड कोलकाता - ७००००७

◆ email: aimf1935@gmail.com

◆ Website : www.marwarisammelan.com

के लिये श्री भानीराम सुरेका द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित तथा सी.डी.सी. प्रिंटर्स प्रा. लि., ४५, राधानाथ चौधरी रोड, कोलकाता - ७०००१५ से मुद्रित

**संपादक : संतोष सराफ ◆ प्रेरक संपादक : सीताराम शर्मा**

**सम्पादकीय सहयोग : शिव कुमार लोहिया, संजय हरलालका एवं भंवरमल जैसनसरिया**

प्रकाशित रचनाओं से सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।


**सम्पादकीय**



# कैसे हो वैवाहिक समारोहों में मद्यपान पर नियंत्रण

**– सन्तोष सराफ**

समाज-सुधार अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के मुख्य उद्देश्यों में है और अपने स्थापना-काल से ही सम्मेलन समाज-सुधार के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श के अतिरिक्त आवश्यकतानुसार सक्रिय कदम उठाता रहा है। आज वैवाहिक कार्यक्रमों में मद्यपान की बढ़ती प्रवृति हमारे लिए चिंता और चिंतन का विषय है। सम्मेलन के विभिन्न समितियों की बैठकों में इस विषय पर चर्चा होती रहती है। विभिन्न माध्यमों से समाज को, विशेषकर युवक-युवतियों को, इस आत्मघाती प्रवृति से सचेत करने का प्रयास किया जाता रहा है। सम्मेलन के प्रयासों का प्रभाव पड़ा है, इसके परिणाम भी प्राप्त हुए हैं। उदाहरणार्थ, सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया** ने अपने पौत्र के विवाह समारोह में कॉकटेल का कार्यक्रम रद्द कर दिया, उल्लेखनीय है कि इस समारोह में काफी संख्या में विदेशी मेहमान भी आमंत्रित थे। सम्मेलन के वर्तमान संयुक्त राष्ट्रीय महामंत्री **श्री दिनेश जैन** ने हाल में ही आयोजित अपनी पुत्री के विवाह समारोह में, दबावों के बावजूद, मद्यपान का पूर्ण निषेध किया। इसी प्रकार अन्य समाजबन्धुओं द्वारा भी इस प्रकार के कदम उठाने के समाचार मिलते हैं किन्तु इनकी संख्या बहुत कम है और वैवाहिक समारोहों में, खासकर धनी तबकों में, मद्यपान की प्रवृति का आम होना एक कड़वा सच है।

हमारे समक्ष प्रश्न यह है कि हम कैसे इस प्रवृति पर काबू पायें। कुछ समाजबन्धुओं का मत है कि उन समारोहों में शामिल हुआ ही नहीं जाये जहाँ मद्यपान की व्यवस्था हो और निमंत्रण प्राप्त होने पर वर-वधू को आशीर्वाद का पत्र लिखकर, अपनी अनुपस्थिति हेतु उक्त कारण बताते हुए, क्षमाप्रार्थना कर ली जाये। विवाहस्थल पहुँचने पर ज्ञात होने पर शांति एवं शालीनतापूर्वक क्षमायाचना करते हुए बिना कुछ बोले बाहर निकल जायें। बाद में चाहें तो पत्रादि के माध्यम से अपनी असमर्थता जाहिर करते हुए क्षमायाचना कर लें। कुछ का विचार है कि समारोह में तो शामिल हों किन्तु मद्यपान के काउन्टर पर न जायें।

**'वैवाहिक कार्यक्रमों में मद्यपान का बढ़ता प्रचलन'** विषय पर गत ६ जुलाई २०१४ को सम्मेलन द्वारा कोलकाता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। संगोष्ठी में मूर्धन्य धर्माचार्यों **पं. श्रीकान्त शर्मा 'बालब्यास'** एवं **पं. मालीराम शास्त्री** को बुलाकर उनसे इस विषय पर मार्गदर्शन का अनुरोध किया गया। अपने उद्‌बोधन में पं. श्रीकान्त शर्मा 'बालब्यास' ने जुआ, मदिरा और हिंसा में कलयुग का वास बताया। बालब्यास ने धन के सदुपयोग को आवश्यक बताया। धन के नशे को भी शराब के बढ़ते प्रचलन का एक कारण बताते हुए उन्होंने कहा, **"भरी जवानी पीसो पल्लै, रामजी चलावे तभी सीधो चल्लै।"** पं. मालीराम शास्त्री ने कहा कि **मद्यपान हमारी संस्कृति को शिथिल करता है।** उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के अनुसार **"विवाह/शुभ कर्म में मद्यपान करनेवालों को जैसे पारा खाने से आदमी मरता है, उसी तरह से मरा हुआ समझना चाहिए।"**

शराब मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक तो है ही, साथ ही इसके धार्मिक पहलू भी हैं। वैवाहिक समारोहों में हम अपने देवताओं-पीतरों को आमंत्रित करते हैं। ऐसे अवसरों पर मद्यपान अपने देवताओं और पीतरों का भी अपमान है। चाहे जिस तरह से हो, हमारे लिए इस प्रवृति पर अंकुश लगाना नितांत आवश्यक है। हम सब को विचार कर अपने परिवेश एवं परिस्थितियों को ध्यान में रख ऐसे कदम उठाने चाहिए कि हम इस कोढ़ से निजात पा सकें। ★★★

फोनः (०३३) ४००४ ४०८९ स्थापित १९३५ ई-मेल: aimf1935@gmail.com

# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
# ALL INDIA MARWARI FEDERATION

(Regd. under W.B. Societies Act XXVI of 1961)

४बी, डकबैक हाउस (चौथा तल्ला), ४१, शेक्सपीयर सारणी, कोलकाता-७०० ०१७
4B, Duckback House (4th Floor) 41, Shakespeare Sarani, Kolkata - 700 017

**प्रमुख उद्देश्य**
समाज सुधार, समरसता, राजनैतिक चेतना एवं राष्ट्रीय एकता

*राष्ट्रीय अध्यक्ष*
**प्रह्लाद राय अगरवाला**
09830079111

*राष्ट्रीय उपाध्यक्ष*
**संतोष सराफ**
09830021319
**सुरेन्द्र लाठ**
09437488822
**राज कुमार पुरोहित**
09821243352
**ओंकारमल अगरवाला**
09435168368
**कमल नोपानी**
09431018530
**अनिल कुमार जाजोदिया**
09415201641

*राष्ट्रीय महामंत्री*
**शिव कुमार लोहिया**
09830553456

*राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष*
**कैलाशपति तोदी**
09830044079

*राष्ट्रीय संगठन मंत्री*
**जय हरलालका**
09804154115

*राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री*
**दिनेश कुमार जैन**
09831004542
**दामोदर प्रसाद बिदावतका**
09331015088

**प्रादेशिक शाखा सम्मेलन**
बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, उत्कल, पूर्वोत्तर, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु एवं कर्नाटक

**सम्मेलन भवन**
२५ए, राजा राममोहन राय सरणी
(अम्हर्स्ट स्ट्रीट)
कोलकाता-७०० ००९
फोन :(०३३) २३५० ९९२९

Contribution Exempted under 80G of I.Tax Act

अ.भा.मा.स./१९/२०१७-१८ २४ मई २०१७

**अखिल भारतीय समिति के सभी सदस्यों की सेवा में**

मान्यवर,

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की अखिल भारतीय समिति की आगामी बैठक **रविवार, १८ जून २०१७ को सुबह १०:३० बजे, होटल होलीडे होम (चाँदनी चौक के निकट; दूरभाष: ०६५१-७१०७२००), कांके रोड, राँची में, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में**, निम्नलिखित विषयों पर विचारार्थ आयोजित की गयी है।

बैठक में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थित है।

भवदीय,

शिव कुमार लोहिया

(शिव कुमार लोहिया)
राष्ट्रीय महामंत्री

**विचारार्थ विषय:**

१. झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष / पदाधिकारियों द्वारा स्वागत।
२. गत बैठक का कार्यवृत्त (संलग्न) पारित करना।
३. अध्यक्षीय संबोधन।
४. महामंत्री की रपट।
५. कोषाध्यक्ष द्वारा आर्थिक स्थिति पर रपट।
६. राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय सम्मेलनों की सांगठनिक स्थिति पर विचार-विमर्श।
७. भावी कार्यक्रमों पर विचार।
८. विविध - अध्यक्ष की अनुमति से।

**नोट:** अखिल भारतीय समिति के विचारार्थ कोई भी प्रस्ताव बैठक की तिथि के १५ दिन पूर्व कार्यालय में प्राप्त होना आवश्यक है। अत: ३ जून के पश्चात प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**विशेष नोट** : झारखंड के बाहर से पधारने वाले माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने आगमन एवं प्रस्थान संबंधी पूर्व सूचना श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, अध्यक्ष - झारखंड सम्मेलन (मो. ९४३१५८२९८९), श्री बसंत कुमार मित्तल, महामंत्री - झारखंड सम्मेलन (मो. ९४३१३९४३१८) या संयोजक श्री किशोर मंत्री (मो. ९४३१११६२३२) एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री शिव कुमार लोहिया (मो. ९८३०५५३४५६) को यथाशीघ्र देने की कृपा करें ताकि आवश्यकतानुसार स्वागत एवं निवास आदि की समुचित व्यवस्था की जा सके। कृपया समन्वय हेतु केन्द्रीय कार्यालय को भी अवश्य सूचित करें।

पंजीकृत कार्यालयः १५२बी (दूसरा तल्ला), महात्मा गांधी रोड, कोलकाता - ७०० ००७
फैक्स/फोन : (०३३) २२६८ ०३१९

चिट्ठी आई है

## मायड़ भाषा रो प्रचार

समाज विकास रो जनवरी १७ उर फरवरी १७ रो अंक पढयो। इसक बार मांय कुछ लिखनो चाउ हूँ।

भोत प्रशंसा की बात ह कि सम्मेलन मायड भाषा र प्रचार तदांई धणी चेस्टा कर रहयो ह। पण जो लेख उर कविता आप छाप रहया हो उनरी भाषा ठेठ भाषा ह। आपा लोग आजकल धणेरा लोग दिसावर म रहन लाग्या और देश री भाषा क सम्पर्क मायं रहया कोनी। इस वास्त उन न समझन म भोत ही दिक्कत होव उर ई वास्त ही पढनो छोड देऊँ। मायड भाषा रो मिठास तो उक उच्चारण माय ह और उक उच्चारण माय ही भाषा रो मिठास उर उसकी तरंग को आनन्द मिल ह। पर ठेठ भाषा म वो आनन्द आवा कोनी। ई बात रो ध्यान राखोला तो आपन लोगा क आसानी स पकड़ म आ सकगी और उसको मिठास को भी मजो आवगो।

जनवरी अंक माय छापी कविता "अरदास २०१७" भोत सोनी अरदास ह। सार जीवन की अरदास इस माय शामिल करी गई ह। इसी माय छापो गयो लेख "दुधीया मुखडा री जवान क्युँ काटो हो।" भोत ही सटीक ह, पण भाषा ठेठ ह।

फरवरी अंक म छापी "एकबर तो पाछा गाँव पधरोनि" कविता भी शायद आग भविष्य को चित्र दिखाव ह।

सधन्यवाद

– **नारायण प्रसाद कोटरीवाला**, भागलपुर

## खीचन गांव के कुरजा – स्थाई फाइल रा श्रृंगार

सादर प्रणाम

समाज-विकास (फरवरी २०१७) सादर मिल्यों आभार!

आ ही कृपा, नियमित बणाई राखजो जी

दूसरो आभार कै पानै-५ पर मेरो पत्र भी छाप्यो!

पानै - ७ पर रणजीत जी पुराणा रो न्यूता; एक बार देश तो पधारोन अत्यन्त आवश्यक लेख है। कोई सकै तो अवश्य देश जाणो चाहिजै। पानै १९ पर लेख खीचन गांव के कुरजां (लेखकः शिव कुमार लोहिया) इण अंकरी विशेष निदि्ध है। ऊँ शोध परक लेख पाठकों री स्थाई फाइल रा श्रृंगार है; बधाई, पानै = २७ पर तो बड़ी ही विशेष उपलब्धि रो विणरव है। शीर्षक देश के न्यायिक इतहास मे, पहली बार राजस्थानी भाषा को मिला ऐसा मान, हाईकोर्ट का खण्डपीठमें मातृभाषा में हुई बहस; बधाई। पानै २९ पर संवद्ध संस्थावा इवकालै मेरै गांव अठे री संस्था झुंझनू प्रगटि संघ रो चौखो परिचय छापा।

– **अम्बु शर्मा**, सम्पादक, नैणसी

## समाज विकास – अद्वितीय

परम पिता परमात्मा की असीम कृपा से अखिल भारतीय समाज का ८२वाँ स्थापना दिवस बड़े ही धुमधाम से मनाया गया। विशेषांक के रूप में पत्रिका प्राप्त हुई। हमारे समाज के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं प्रेरणादायक महापुरुषों की छवि देखने एवं उनके कार्यकलापों को पढ़ने का सुअवसर प्राप्त हुआ। समाज की यह 'समाज विकास' पत्रिका अपने आप में अद्वितीय है। श्रद्धेय पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सीतारामजी शर्मा द्वारा लिखा गया 'धन का बढ़ता महत्व, पंचहीन समाज' लेख समाज के लिये बडा ही विचारणीय एवं प्रेरणादायक है। वास्तव में कई दशकों से समाज एवं देश में सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों में लगातार गिरावट आ रही है। सामाजिक स्तर पर टूटते परिवार बढते तलाक, आडंबर एवं दिखावा, बड़ों के प्रति सम्मान में कमी, संयुक्त परिवार में अलगाव, अंर्तजातिय विवाह, दहेज इत्यादि अनेकों विषय समाज के सामने आ खड़े हुये है जो बड़े ही महत्वपूर्ण है। हमारा सम्मेलन इन सारी समस्याओं को बडी ही बारीकी से दूर करने का भरपूर प्रयास कर रहा है। नारी जागरण एवं युवा शक्ति के वदौलत हम निकट भविष्य में निश्चय रूप में सफलता प्राप्त करेंगे, ऐसी आशा है। "समाज विकास" पत्रिका द्वारा समय समय पर हमारें अधिकारियों द्वारा दिशानिर्देशन, पथ-प्रदर्शन, संगोष्ठी एवं प्रांतीय सम्मेलनों द्वारा अथक प्रयास किया जा रहा है। भविष्य में भी "कब मुक्त होंगे फिजूल खर्ची के बंधन से? – संतोष सराफ, सम्मेलन का ८२वें वर्ष में प्रवेश" – प्रह्लाद राय अगरवाला। संगठन मजबूत करने मे सभी का सहयोग आवश्यक – प्रह्लाद राय अगरवाला, ये सभी अधिकारीगण प्रवुद्ध बुद्धिजीवी एवं मननशील है। कहा गया है – साधनों से नही, साधना से महान वनता है। भवनों से नहीं भावना से महान बनता है, उच्चारण से नहीं उच्च आचरण से महान बनता है। ऊँचाई चौखटों की लाख बढालो, कद तो ईसानियत से ही बढता है। महामानवों की यह उक्तियाँ हर व्यक्ति को एक ऐसे अदम्य साहस की ओर ले जायेगी जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। हमारें समाज में हमारे पूर्वजों की यह वातें कि – Simple living and High thinking को हमें अपनाना अति आवश्यक है। हमारे समाज का भविष्य आनेवाले दिनों मे वहुत ही उज्ज्वल है। 'समाज-विकास' एक ऐसा माध्यम है जो हमें अनुप्रेरित करेगा, हर पहलू पर आगे बढ़ने में। विशेष प्रभु कृपा

– **सत्यनारायण तुलस्यान**
बिहार


Comprehensive and Exclusive

# Business Economics

... Truly reflecting global aspirations!

# Subscribe

100% Bargain




Subscribe **Business Economics :**

Subscribers may send choice of books valued equal to subscription

| Tick | Term | No. of Issues | Price you pay | Gift Value | Saving | US $ | UK £ | Gift Option |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ☐ | 3 Years | 72 | 1440/- | 1440/- | 1440/- | 216 | 144 | ☐8GB Pen Drive OR ☐ Bag OR ☐ Tie/Stoll OR ☐ Books |
| ☐ | 1 Year | 24 | 480/- | 480/- | 480/- | 72 | 48 | ☐ 4GB Pen Drive OR ☐ Desktop Clock OR ☐ T-Shirt OR ☐ Books |
| ☐ | 1 Year | 24 + Anniversary Issue (Worth ₹ 150) | 240/- | 150/- | 390/- | - | - | ☐ Exclusively for Students/Institutions |
| ☐ | 1 Year | 24 + Anniversary Issue (Worth ₹ 150) | 240/- | 150/- | 390/- | - | - | ☐ EXCLUSIVELY FOR SENIOR CITIZENS |

For 1 year Book of choice upto ₹ 480 | For 3 years Books of choice upto ₹ 1440

## Business Economics

## Subscription Form

Name : Mr./Ms.____________________

Address :____________________

____________________ City/District:____________________

State:____________________ Country:____________________ Pin Code : ☐☐☐☐☐☐

E-mail :____________________ Mobile :____________________ Landline :____________________ STD CODE

REMITTANCE DETAILS :

Enclosed Cheque / DD No.__________ dated:__________ for Rs.__________ drawn on:__________

In favour of **CONTEMPORARY NEWS PRIVATE LIMITED**

Signature:____________________ date:__________

**Mail this subscription form along with your Cheque / DD to :** Pramod Kr. Singh, General Manager, **Business Economics**, 3, Middle Road, Hastings, Kolkata - 700 022, India
Ph : 033 - 2223 0335/0368, Mobile : 93395 19642, E-mail : subscriptions@businesseconomics.in

**For Subscription enquiries contact : Kolkata :** Shaonli Majumder : 033 2223-0368 ● **Mumbai :** Rajendra Singh : 90290 84951
**New Delhi :** Lala P. Yadav : 98102 10095 ● **Kohima :** Povotso Lohe : 94360 05889

**Lucky DRAW**

**QUARTERLY LUCKY DRAW FOR THE SUBSCRIBERS :**
**1st Prize : INR 2000/- ● 2nd Prize : INR 1000/- ● 3rd Prize : INR 500/-**

अध्यक्षीय

# गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का गठन एक मील का पत्थर



– प्रह्लाद राय अगरवाला

गत अप्रैल २०१६ में राष्ट्रीय अधिवेशन में स्वीकृत नारा – 'संगठित समाज, सशक्त आवाज' को सफल बनाने के लिये सम्मेलन द्वारा विभिन्न स्तरों पर भरपूर प्रयास किये जा रहे है। राष्ट्रीय कार्यालय के साथ-साथ प्रांतो से भी इस दिशा मे उत्साहजनक आकडें मिल रहे हैं। वर्तमान सत्र के प्रारम्भ से अभी तक कुल १३६ विशिष्ट संरक्षक सदस्य, ५६ संरक्षक सदस्य, ११०८ आजीवन सदस्य, ४३ विशिष्ट सदस्य एवं ८९१ साधारण सदस्य बनाये जा चुके हैं। साथ ही, समाज की २३ संस्थाओं ने सम्मेलन की संबद्धता स्वीकार की है। यह अपने आप में एक विशिष्ट उपलब्धि है। सम्मेलन के कार्यक्रम में समाजबंधुओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। इस प्रयास को उल्लेखनीय सफलता भी मिल रही है। होली मिलन समारोह में समाजबंधुओ की उपस्थिति इस बात की पुष्टि करती है।

प्रयासों का सिलसिला जारी है। अभी बहुत कुछ करना बाकी है। हमारा लक्ष्य है प्रत्येक परिवार से कम से कम एक सदस्य बनें। पूर्वोत्तर मे कई स्थानों पर सफलता मिली है। इससे यह साबित होता है कि लक्ष्य कठिन हो सकता है पर असंभव नही हैं। इस कार्यक्रम में राष्ट्र, प्रांत, शाखा स्तर पर सभी सदस्यों की भागीदारी इसे अभियान के रूप मे परिवर्तित करेगी। ऐसा होने पर हमें सफलता अवश्य मिलनी है।

संगठन मजबूत करने की दिशा में गत महीने एक सशक्त कदम उठाया गया। वह है गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का गठन। २९ अप्रैल को सूरत में आयोजित एक भव्य समारोह में गुजरात के समाजबंधुओं की उपस्थिति में विशिष्ट उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री जय प्रकाश अग्रवाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। समाजबंधुओं का उत्साह देखकर मुझे आशा ही नही बल्कि पूर्ण विश्वास है कि गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन निकट भविष्य में प्रांत के समाजबंधुओ को एक सूत्र में पिरोने में सफलता हासिल करेगी। मैं श्री जयप्रकाश अग्रवाल, उनकी सशक्त टीम एवं गुजरात के सभी समाजबंधुओं को इस कदम के लिए हार्दिक बधाई प्रेषित करता हूँ। अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन परिवार मे उनका हार्दिक स्वागत है।

आगामी रविवार १८ जून को रांची मे अखिल भारतीय समिति की बैठक होने जा रही है। समाज तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान परिस्थिति में सुधार की आवश्यकता है। सम्मेलन समाज के सभी वर्गो का प्रतिनिधित्व करता है। इस दिशा में उठाये गये कदमों को और अधिक दृढ़ करने की आवश्यकता है। सम्मेलन का सदैव यही दृष्टिकोण रहा है कि समाज में प्रेम एवं सौहार्द का वातावरण बनाये रखते हुए आवश्यक हृदय परिवर्तन के लिये प्रयास जारी रखा जाए। यह एक निरंतर प्रक्रिया है। इसके परिणाम भी सतत प्रयास करने पर ही मिलते हैं। इस लिये हमे हमारा प्रयास जारी रखना होगा। हमे कहाँ संशोधन या आवश्यक बदलाव करना है एवं हमारे प्रयास को और अधिक कार्यकर किस प्रकार बनाना है, इसके लिये मंथन करने की आवश्यकता है। इस मंथन के लिये अखिल भारतीय समिति की बैठक एक उपयुक्त अवसर है। समिति के सदस्यों से इस बैठक मे भाग लेने का मैं अनुरोध करता हूँ।




# Translating dreams into reality

for a perpetual smile on every face

**S. R. RUNGTA GROUP**

*Cares for the land and its people*

MINING, STEEL & POWER

Rungta House, Chaibasa, Jharkhand - 833201




# समाज सुधार और समरसता के कार्यक्रमों को दें प्राथमिकता : सीताराम शर्मा

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक १३ मई २०१७ को सम्मेलन कार्यालय सभागार, कोलकाता में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता सम्मेलन अध्यक्ष **श्री प्रह्लाद राय अगरवाला** ने की।



राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रह्लाद राय अगरवाला ने सभी उपस्थितों, विशेषकर कोलकाता के बाहर से पधारे सदस्यों, का स्वागत किया। सम्मेलन के वर्तमान कार्यक्रमों के विषय में संक्षेप में बताते हुए श्री अगरवाला ने संगठन-विस्तार, समाज की स्थानीय संस्थाओं को सम्मेलन से जोड़ने, रोजगार सहायता, वैवाहिक परिचय आदि कार्यक्रमों की प्रगति पर संतोष जताया। संगठन-विस्तार में उल्लेखनीय सक्रियता हेतु उन्होंने बिहार, झारखंड, उत्कल और पूर्वोत्तर की प्रादेशिक शाखाओं की भी सराहना की। श्री अगरवाला ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ अपने तीन-दिवसीय पूर्वोत्तर दौरे के विषय में जानकारी दी और पूर्वोत्तर में समाज के लोगों की सम्मेलन के प्रति जागरूकता एवं उनकी सक्रियता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उपस्थित सदस्यों की करतल ध्वनि के बीच उन्होंने गत २९ अप्रैल २०१७ को गुजरात में प्रादेशिक शाखा की स्थापना की घोषणा की और बताया कि श्री जय प्रकाश अग्रवाल को संस्थापक प्रादेशिक अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने कहा कि गुजरात राष्ट्र का एक महत्वपूर्ण प्रांत है और वहाँ प्रादेशिक शाखा की स्थापना के बहुआयामी लाभ सम्मेलन को प्राप्त होंगे।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री सीताराम शर्मा** ने अपने सम्बोधन में कहा कि सम्मेलन में एक नयी तेजी आयी है, उत्साह आया है। सदस्यता बढ़ाने के क्षेत्र में अच्छा काम हुआ है, एकल सदस्यता के लाभ भी दिख रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे महत्वपूर्ण रहे हैं, इनसे प्रान्तीय शाखाओं को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि समाज सुधार एवं समरसता सम्मेलन के मुख्य उद्देश्य हैं, अतः सम्मेलन के कार्यक्रमों में इनकी प्राथमिकता आवश्यक है।

बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की पिछली बैठक (०४ फरवरी २०१७; कोलकाता) का कार्यवृत सर्वसम्मति से पारित हुआ। राष्ट्रीय महामंत्री **श्री शिव कुमार लोहिया** ने कार्यकारिणी समिति की पिछली बैठक के बाद के सम्मेलन के कार्यकलापों पर 'महामंत्री की रपट' एवं वर्तमान सत्र में कार्यकारिणी समिति द्वारा लिए गए निर्णयों पर 'कार्यवाही की रपट' प्रस्तुत की। राष्ट्रीय संगठन मंत्री **श्री संजय कुमार हरलालका** ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों के गुजरात दौरे एवं गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना पर संक्षिप्त रपट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष **श्री कैलाशपति तोदी** ने सम्मेलन की आर्थिक स्थिति पर संक्षिप्त रपट प्रस्तुत करते हुये सभी से समाज विकास में विज्ञापन सहयोग का अनुरोध किया।



उत्कल सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल**, दिल्ली सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री राज कुमार मिश्रा**, पश्चिम बंग सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री बिजय कुमार डोकानियाँ** एवं

बिहार सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री निर्मल कुमार झुनझुनवाला** ने अपने-अपने प्रादेशिक सम्मेलन के गतिविधियों एवं सांगठनिक स्थितियों के विषय में बताया। श्री झुनझुनवाला ने राजस्थान एवं हरियाणा में शाखाएँ खोलने एवं अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल करने का सुझाव दिया।

कार्यकारिणी समिति के कतिपय सदस्यों, विशेषकर बाहर से पधारे सदस्यों, का मत था कि कार्यकारिणी समिति की बैठक एक दिन-व्यापी होनी चाहिये।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री कमल नोपानी** ने अपने वक्तव्य में संगठन-विस्तार की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने सम्मेलन के बैठकों/कार्यक्रमों में समाज की स्थानीय संस्थाओं के पदाधिकारियों को आमंत्रित करने का सुझाव दिया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री ओंकारमल अगरवाल** ने संस्कारों को अक्षुण्ण रखने हेतु प्रयासों को आवश्यक बताया और कहा कि अपने युवक-युवतियों, किशोर-किशोरियों को संस्कारों के प्रति जागरूक रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**श्री गोविन्द प्रसाद केजरीवाल** ने समाज सुधार के कार्यक्रमों को गति देने को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि अपने वैवाहिक कार्यक्रमों में आडम्बर पर अंकुश लगाने एवं मद्यपान निषेध करने वाले सज्जनों का समाचार समाज विकास में प्रमुखता से प्रकाशित करना चाहिए। उन्होंने उच्च शिक्षा कोष का विवरण भी समाज विकास में प्रकाशित करने का सुझाव दिया।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा ने एक दिवस-व्यापी कार्यकारिणी समिति की बैठक के सुझाव का स्वागत करते हुए कहा कि इससे सदस्यों को एक लम्बी एवं सार्थक बातचीत करने का अवसर प्राप्त होगा, विशेषकर विभिन्न प्रांतीय पदाधिकारियों को आपस में मिलने एवं विचार-विमर्श करने का लाभ प्राप्त होगा। अन्य सुझावों पर श्री शर्मा ने कहा कि चूँकि ये सांवैधानिक प्रश्न हैं, इन पर विचार एवं अध्ययन के उपरान्त, एक विधिवत प्रस्ताव के रूप में अखिल भारतीय समिति के विचारार्थ रखना आवश्यक है।

धन्यवाद-ज्ञापन करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने कहा कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि जहाँ मारवाड़ियों के ५० घर भी हों, वहाँ हम शाखा स्थापित कर सकें। हमें गाँव-गाँव में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करनी है।

बैठक में निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री रामअवतार पोद्दार**, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री **श्री दिनेश कुमार जैन**, बिहार सम्मेलन के महामंत्री **श्री ओमप्रकाश टिबड़ेवाल**, पश्चिम बंग सम्मेलन के महामंत्री **श्री सत्यनारायण अग्रवाल**, सर्वश्री **ओमप्रकाश अग्रवाल, नन्दकिशोर अग्रवाल, श्यामलाल डोकानिया, गोपाल अग्रवाल, आत्माराम सोन्थलिया, प्रेमचंद सुरेलिया, बिजय गुजरवासिया, रतन शाह, भानीराम सुरेका, सांवरलाल शर्मा, पवन कुमार जालान, सुदेश अग्रवाल, अनिल कुमार पोद्दार, श्रीगोपाल झुनझुनवाला, ऋषि बागड़ी** आदि उपस्थित थे। उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रादेशिक उपाध्यक्ष **श्री सुभाष चन्द्र सितानी** (ब्रजराजनगर) एवं **श्री सुरेश कमानी** (कटक, ओडिशा) ने विशिष्ट आमंत्रित के रूप में बैठक में भाग लिया।

# राजस्थानी साहित्य पुरस्कार २०१७ के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित

मातुश्री कमलादेवी गोइन्का कि स्मृति में संस्थापित राजस्थानी साहित्य पुरस्कार **'मातुश्री कमला गोइन्का राजस्थानी साहित्य पुरस्कार'** द्विवर्षीय कालावधि में वर्ष १९९९ से प्रदान करते आ रहा है। यह पुरस्कार लिखित व प्रकाशित राजस्थान भाषा की पुस्तकों व साहित्यकारों के राजस्थानी साहित्य में योगदान के आधार पर दिया जाता है। इस पुरस्कार की राशि रु. १,११,१११/- हैं।

इसी श्रृंखला में महिला साहित्यकारों के राजस्थानी साहित्य में योगदान को सम्मानित करने के लिए फाउंडेशन वर्ष २०१५ से **'रानी लक्ष्मीकुमारी चूण्डावत महिला साहित्यकार पुरस्कार'** प्रदान करते आ रहा है। यह पुरस्कार महिला साहित्यकारों द्वारा लिखित व प्रकाशित राजस्थानी भाषा की पुस्तकों व उनके राजस्थानी साहित्य में योगदान के आधार पर दिया जाता है। इस पुरस्कार की राशि रु. ३१०००/- है।

सन २०१७ के लिए राजस्थानी में प्रकाशित कृतियाँ प्रविष्टि स्वरूप इन दोनों पुरस्कार योजनाओं के अंतर्गत आमंत्रित है।

साथ ही राजस्थानी साहित्य की समृद्धि के लिए युवा नवोदित साहित्यकारों को प्रोत्साहित करने के लिए **'किशोर कल्पनाकांत युवा साहित्यकार पुरस्कार'** की वर्ष २००७ से शुरुआत हुई है। इसके अंतर्गत ३५ वर्ष की आयु तक के युवा लेखकों को, जिनकी कोई पुस्तक प्रकासित नहीं हुई है, पाण्डुलिपि के प्रकाशनार्थ सहयोग व नगद पुरस्कार दिया जाता है। युवा लेखकों की पांडुलिपियां इस पुरस्कार योजना के लिए भी आमंत्रित है।

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.kgfmumbai.com पर या ईमेल mumbai@gogoindia.com द्वारा या मुंबई कार्यालय में संपर्क करें। कमला गोइन्कदा फाउंडेशन, ३५०, ए-१ बिल्डिंग, शाह एंड नाहर इंडस्ट्रीयल धनराज मिल्स कंपाउंड। लोअर परेल, मुंबई-४०००१३।

## अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय स्थायी समिति की बैठक

# उपसमितियों की प्रगति पर हुआ विचार-विमर्श, सेमिनार उपसमिति का हुआ गठन



अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय स्थायी समिति की बैठक गत ०८ मई २०१७ को डकबैक हाउस, कोलकाता स्थित सम्मेलन कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री प्रह्लाद राय अगरवाला** के सभापतित्व में आयोजित की गयी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रह्लाद राय अगरवाला ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए सम्मेलन की वर्तमान गतिविधियों के विषय में संक्षेप में बताया। संगठन विस्तार की प्रगति पर संतोष जताते हुए उन्होंने कहा कि इन प्रयासों को और गति देने की आवश्यकता है। श्री अगरवाला ने अपने एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों के पूर्वोत्तर एवं गुजरात दौरों के विषय में उपस्थित सदस्यों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर दौरे के क्रम में जोरहाट, नगांव एवं गुवाहाटी में सभाएँ आयोजित हुई। सभाओं में समाजबंधुओं एवं महिलाओं की भी अच्छी उपस्थिति थी। सभी सभाओं में समाज के लोगों का उत्साह एवं सम्मेलन के प्रति जागरूकता उत्साहवर्द्धक थी। संगठन-विस्तार के क्षेत्र में भी पूर्वोत्तर के समाजबंधु अत्यंत सक्रिय हैं।



गुजरात दौरे के विषय में बताते हुए श्री अगरवाला ने कहा कि गत कई वर्षों से सम्मेलन गुजरात में संगठन की जड़ें स्थापित करने एवं विस्तार करने का इच्छुक था। गत महीने, गुजरात के समाजबंधुओं के साथ सक्रिय समन्वय किया गया। जिसके परिणामस्वरूप, गत २९ अप्रैल २०१७ को गुजरात के सूरत नगर में एक सभा आयोजित कर 'गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन' की स्थापना की गई। सभा में सर्वसम्मति से स्थानीय उद्योगपति-समाजसेवी **श्री जयप्रकाश अग्रवाल** को गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का संस्थापक अध्यक्ष चुना गया। श्री अगरवाला ने गुजरात प्रादेशिक शाखा की स्थापना को संगठन-विस्तार की एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया।

बैठक में राष्ट्रीय स्थायी समिति की पिछली बैठक (०२ मार्च २०१७; कोलकाता) का कार्यवृत सर्वसम्मति से पारित हुआ। राष्ट्रीय महामंत्री **श्री शिव कुमार लोहिया** ने पिछली बैठक के बाद के सम्मेलन के कार्यकलापों पर 'महामंत्री की रपट' एवं वर्तमान सत्र में स्थायी समिति द्वारा लिए गए निर्णयों पर 'कार्यवाही की रपट' प्रस्तुत की।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष **श्री कैलाशपति तोदी** ने सम्मेलन की आर्थिक स्थिति पर एक संक्षिप्त रपट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने कहा कि बदले हुए नियमों के आलोक में नई शाखाओं को बैंक-खाते खोलने में दिक्कत आयेगी और इस विषय में उनकी सहायता करनी चाहिए। विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री कैलाशपति तोदी विषय-वस्तु का अध्ययन कर बैंक खाते खोलने हेतु शाखाओं के मार्गदर्शन/सहयोग की रूपरेखा प्रस्तावित करेंगे।

रोजगार सहायता उपसमिति के चेयरमैन **श्री दिनेश कुमार जैन** ने अपनी उपसमिति की प्रगति का विवरण देते हुए बताया कि अब तक ४६ युवक-युवतियों ने रोजगार सहायता हेतु आवेदन किया है, जिनमें से २१ को काम पर रखवाया जा चुका है और शेष के लिए आवश्यक प्रक्रिया चल रही है।

वैवाहिक परिचय उपसमिति के चेयरमैन **श्री ऋषि बागड़ी** ने अपनी उपसमिति की कार्यप्रणाली एवं प्रगति का विवरण देते हुए बताया कि उपसमिति द्वारा दिए गए विवरणों के माध्यम से अब तक ६ विवाह-संबंध स्थापित हो चुके हैं और २ सगाइयाँ भी हुई हैं।

उच्च शिक्षा उपसमिति के संयोजक **श्री आत्माराम सोन्थलिया** ने बताया कि उच्च शिक्षा कोष से अब तक १





करोड़ २० लाख रुपयों की राशि देश के विभिन्न भागों के छात्र-छात्राओं को दी जा चुकी है।

राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री **श्री दामोदर प्रसाद बिदावतका** ने संगठन-विस्तार हेतु उन स्थानों पर सम्मेलन का सम्पर्क शिविर लगाने का प्रस्ताव रखा जहाँ समाजबन्धुओं की अच्छी संख्या हो। उन्होंने कहा कि इससे लोग सम्मेलन के विषय में जानेंगे और जुड़ेंगे। विचार-विमर्श के बाद, सर्वसम्मति से, इस कार्यक्रम को क्रियान्वित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित **सर्वश्री शिव कुमार बागला, रवि लोहिया, संदीप सेक्सरिया, सुरेश अगरवाल, राधा किशन सफ्फड़, रामनिवास शर्मा 'चोटिया'** आदि ने इस कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग का वचन दिया।

**श्री रवि लोहिया** ने प्रस्ताव रखा कि समसामयिक विषयों पर सेमिनारों एवं विचारगोष्ठियों का आयोजन करना चाहिए। विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि एक 'सेमिनार उपसमिति' का गठन किया जाये जो समय-समय पर समाजोपयोगी विषयों पर सेमिनार आयोजित करे। राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री दिनेश कुमार जैन को चेयरमैन, श्री रवि लोहिया को संयोजक एवं सर्वश्री ऋषि बागड़ी, संजय गोयनका एवं संदीप सेक्सरिया को इस उपसमिति का सदस्य मनोनीत करने का भी निर्णय लिया गया।

अंत में, राष्ट्रीय महामंत्री श्री शिव कुमार लोहिया ने धन्यवाद-ज्ञापन किया एवं सभा सम्पन्न हुई।

## श्री लक्ष्मीपद भूतोड़िया दिल्ली प्रदेश के महामंत्री नियुक्त

दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री राजकुमार मिश्रा ने श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया को प्रदेश का महामंत्री नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर श्री भूतोड़िया को हार्दिक बधाई!



## बधाई




"नारी की नजर में नारी" विषय पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता देश भर में चलाई गई थी, जिसमे १२ हजार से अधिक पेंटिंग्स प्राप्त हुई।

झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री गोवर्धन गाडोदिया की पुत्रवधू **श्रीमती शैलजा गाड़ोदिया** (धर्म पत्नि श्री अनिल गाड़ोदिया) को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। झारखंड सरकार की मुख्य सचिव श्रीमती राजबाला वर्मा ने पुरस्कृत किया।

# गुजरात में प्रादेशिक शाखा की स्थापना संगठन – विस्तार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण : प्रह्लाद राय अगरवाला

"गुजरात प्रांत में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की प्रादेशिक शाखा की स्थापना सम्मेलन के संगठन-विस्तार के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके बहुआयामी लाभ सम्मेलन को प्राप्त होंगे। आज सबसे अधिक जरूरत हमारे संगठित होने की है। संगठित समाज की आवाज ही सशक्त आवाज होती है। हमें सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक मारवाड़ी परिवार से कम से कम एक व्यक्ति सम्मेलन का सदस्य जरूर हो।" ये विचार सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रह्लाद राय अगरवाला ने गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना-समारोह में अपने अध्यक्षीय अभिभाषण में व्यक्ति किए।



ज्ञातव्य है कि एक लम्बे समय से सम्मेलन गुजरात में अपनी शाखाएँ स्थापित करना चाहता था। गत महीने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रह्लाद राय अगरवाला के व्यक्तिगत सम्पर्कों के माध्यम से गुजरात के समाजबंधुओं के साथ समन्वय किया गया। राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री दामोदर प्रसाद बिदावतका ने इसमें उल्लेखनीय भूमिका निभाई। इसके फलस्वरूप गत २९ अप्रैल २०१७ को सूरत, गुजरात स्थित अग्रसेन भवन में एक सभा आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में समाजबन्धुओं ने भाग लिया।




सभा में स्थानीय अग्रसेन भवन के अध्यक्ष एवं अग्रणी समाजसेवी श्री अनिल अग्रवाल ने गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद के लिए सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री जय प्रकाश अग्रवाल के नाम का प्रस्ताव रखा, उपस्थित जनसमुदाय ने इसका करतल ध्वनि से समर्थन किया और सर्वसम्मति से उन्हें अध्यक्ष मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रह्लाद राय अगरवाला ने उन्हें पद एवं निष्ठा की शपथ दिलाई एवं पुष्प-गुच्छ, मेमेन्टो एवं सम्मेलन का लेपल पिन लगाकर उनका अभिनंदन किया। श्री जय प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि उनके कंधों पर जो भार दिया गया है, सबको साथ लेकर, पूरी निष्ठा के साथ इसे पूरा करने का प्रयास करेंगे।



सम्मेलन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री संजय हरलालका ने सम्मेलन की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों एवं क्रियाकलापों के विषय में बताते हुए अपने बच्चों में संस्कार की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संस्कार के बिना सब बेकार है। संस्कार होंगे तभी सेवा कार्य जारी रहेंगे और हमारी पहचान कायम रहेगी।

समारोह में सम्मेलन राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री दामोदर प्रसाद बिदावतका, सुप्रसिद्ध उद्योगपति श्री रामरिछपाल अग्रवाल, अग्रसेन भवन के उपाध्यक्ष श्री हरि कानोड़िया, सचिव श्री सज्जन जालान मंचस्थ थे। स्वागत वक्तव्य अग्रसेन भवन के अध्यक्ष श्री अनिल अग्रवाल ने दिया, धन्यवाद-ज्ञापन श्री सज्जन अग्रवाल ने किया और समारोह का संचालन श्री गणपत भंसाली ने किया। सर्वश्री कैलाश जैन, प्रमोद चौधरी, सुरेन्द्र डालमिया, आशीष जैन, नन्दकिशोर तोला, श्याम फागनवाला, सांवरमल बुधिया, गजानन मालपानी, सुरेश अग्रवाल आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सूरत के समाजबंधुओं में सम्मेलन के प्रति काफी उत्साह दिखा।

**विद्यालय भवन के लिये अनुवंध हस्ताक्षरित**

# गोपेश्वर, उत्तराखंड में सम्मेलन द्वारा ५५ लाख का अनुदान

२०१३ में उत्तराखण्ड में आये भयावह प्राकृतिक आपदा के समय सम्मेलन ने पहाड़ में फँसे लोगों को राहत पहुँचाने के लिए तत्काल व्यवस्था की थी। तत्पश्चात, यह निश्चय किया गया कि सम्मेलन की ओर से स्थानीय समाज के विकास के उद्देश्य से स्थायी निर्माण करवाने का अवसर खोजा जाय।



*गोपेश्वर में बैठक*

इसी संदर्भ में भारतीय शिक्षा समिति, उत्तराखण्ड से एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ। इस प्रस्ताव में चमोली जिले के गोपेश्वर नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर नामक एक विद्यालय के भवन का पुर्ननिर्माण की आवश्यकता बताई गई।

विचार-विमर्श के पश्चात इस प्रस्ताव पर सम्मेलन ने अपनी सहमति प्रदान की। इसके अंतर्गत सम्मेलन की ओर से ५५ लाख की राशि प्रदान करने का प्रावधान है। इस बाबत एक सहमति पत्र (MOU) बनाया गया। इस (MOU) पर गत २२ अप्रैल २०१६ को रिषिकेश में हस्ताक्षर किये गये। सम्मेलन की ओर से राष्ट्रीय महामंत्री श्री शिवकुमार लोहिया एवं उत्तराखंड प्रादेशिक सम्मेलन के अध्यक्ष श्री रंजीत जालान एवं भारतीय शिक्षा समिति की ओर से भारतीय शिक्षा समिति के उत्तराखंड प्रदेश निरीक्षक डॉ. विजय पाल सिंह एवं शिशु शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक श्री सत्य प्रकाश बंगवाल ने इस (MOU) पर अपने हस्ताक्षर किये।

तत्पश्चात दिनांक २९-३० अप्रैल २०१७ को राष्ट्रीय महामंत्री श्री शिवकुमार लोहिया ने गोपेश्वर स्थित विद्यालय परिसर का भ्रमण किया एवं स्थानीय पदाधिकारियों एवं समाज सेवियों के साथ बैठक की। सहमति के शर्तों के अनुसार कागजात प्राप्त हो जाने पर भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ का प्रावधान है। इस विद्यालय का नाम मारवाड़ी सम्मेलन सरस्वती शिशु मंदिर रखा जायेगा। ज्ञातव्य रहे कि गोपेश्वर चमोली जिले का एक नगर है जोकि रिषिकेश से लगभग २१० किलोमीटर दूरी पर समुद्रतल से ४५०० फीट ऊँचाई पर स्थित है।



*ऋषिकेश में अनुवंध हस्ताक्षरित*




*गोपेश्वर में वर्तमान विद्यालय प्रांगण के सामने*


www.srei.com
Empowering Entrepreneurs to shape the future
Financing of equipment, new and old, across diverse sectors :
Infrastructure | Construction | Mining | Information Technology | Healthcare | Agriculture
SREI BNP PARIBAS
SREI Holistic Infrastructure Institution
Infrastructure Equipment Finance | Project Finance, Advisory and Development | Venture Capital | Capital Market | Sahaj e-Village | QUIPPO – Equipment Bank | Insurance Broking

# ANMOL®

The Right Bite

BISCUITS

Even before
"Good morning"
we are the first thing on
a million lips every day.




Enjoy fresh-baked goodness.

www.anmolbiscuits.com

L&K | SAATCHI & SAATCHI

# बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, पटना अप्रैल २०१७ माह की गतिविधियाँ

**शाखा दौरा**:– ०१.०४.२०१७ शनिवार को मुंगेर प्रमंडल की वरियारपुर शाखा का दौरा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री कमल नोपानी एवं प्रादेशिक अध्यक्ष श्री निर्मल कुमार झुनझुनवाला द्वारा किया गया। बैठक में काफी संख्या में समाजबन्धुओं की उपस्थिति थी। शाखा को और अधिक जागृत करने का संदेश दिया गया तथा ५ नये आजीवन सदस्य भी बनाये गये। दौरे के दौरान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मध्य बिहार श्री अशोक तुलस्यान, क्षेत्रीय सहायक मंत्री श्री प्रेम कुमार वर्मा, मुंगेर प्रमंडल कदे प्रमंडलीय मंत्री श्री उमा शंकर 'टानू' भी मौजूद थे।




इसके पश्चात् राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रादेशिक अध्यक्ष द्वारा भागलपुर प्रमंडल की सुल्तानगंज एवं नाथनगर शाखा का दौरा किया गया। पूर्वी बिहार के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रो. पवन कुमार पोद्दार, सहायक मंत्री श्री अशोक भिवानीवाला, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष श्री रोहित झुनझुनवाला एवं भागलपुर के शाखाध्यक्ष श्री श्रवण कुमार बाजोरिया उपस्थित थे। दोनों जगह समाजबन्धुओं की उपस्थिति में प्रभावशाली बैठक हुई। सदस्यता विस्तार के बारे में जानकारी दी गई, जिसके फलस्वरूप ११ नये आजीवन सदस्य बनाये गये।

दिनांक ०२.०४.२०१७, रविवार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी – स्थाई कोष श्री कमल नोपानी एवं प्रादेशिक अध्यक्ष श्री निर्मल कुमार झुनझुनवाला ने बिहार प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन (स्थाई कोष) द्वारा संचालित श्री रावतमल नोपानी छात्रावास एवं श्री रामेश्वर लाल नोपानी सरस्वती विद्या मंदिर के परिसर में आयोजित संयुक्त बैठक में भाग लिया। भारी संख्या में समाजबन्धुओं की उपस्थिति काफी उत्साहित कर रही थी। विद्या मंदिर का कार्य काफी संतोष जनक ढंग से संचालित करने हेतु सभी पदाधिकारियों को साधुवाद दिया गया। नोपानी छात्रावास में उत्पन्न गतिरोध को समाजबन्धुओं की सहमति से दूर किया गया। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री कमल नोपानी, प्रादेशिक अध्यक्ष श्री निर्मल कुमार झुनझुनवाला, प्रसिद्ध समाज सेवी श्री लक्ष्मीनारायण जी डोकानियाँ सहित अन्य समाजबन्धुओं ने अपने विचार रखें। श्री नोपानी जी ने ३ माह के अन्दर पुनः आने का आश्वासन भी दिया।

**सदस्य निर्देशिका का लोकार्पण एवं पटना प्रमंडल का प्रमंडलीय अधिवेशनः–**

बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा दिनांक २३ अप्रैल २०१७, रविवार को अपराह्न ३.०० बजे से **बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज** के सभागार में पटना नगर शाखा के आतिथ्य में सदस्य निर्देशिका का लोकार्पण एवं पटना प्रमंडल का प्रमंडलीय अधिवेशन सम्पन्न हुआ।




कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के राज्यपाल महामहिम श्री रामनाथ कोविंद जी के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्मेलन के प्रादेशिक अध्यक्ष श्री निर्मल कुमार झुनझुनवाला ने की। सभा का संचालन वरीय उपाध्यक्ष श्री बिनोद तोदी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ मारवाड़ी महिला समिति की पूनम मोर, सुषमा गुटगुटिया, दया अग्रवाल एवं सुनीता जोशी द्वारा राष्ट्र गान एवं स्वागत गान द्वारा किया गया।




महामहिम जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया गया।

प्रादेशिक अध्यक्ष श्री निर्मल कुमार झुनझुनवाला द्वारा महामहिम राज्यपाल श्री रामनाथ कोविंद जी को पुष्पगुच्छ, राजस्थानी साफा, शॉल, सम्मान चिन्ह एवं राजस्थान के शौर्य की प्रतीक तलवार भेंटकर सम्मानित किया गया।

अपने स्वागत भाषण में प्रादेशिक अध्यक्ष श्री निर्मल कु. झुनझुनवाला ने कहा कि बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की सदस्य निर्देशिका का लोकार्पण एवं पटना प्रमंडल के प्रमंडलीय अधिवेशन में आप सभी की उपस्थिति को नमन करते हुए हृदय से स्वागत करता हूँ। मैं विशेष रूप से स्वागत करता हूँ एवं आभार प्रकट करता हूँ महामहिम राज्यपाल श्री रामनाथ कोविंद जी के प्रति जिन्होंने बड़ी कृपा कर हमारे निमंत्रण को स्वीकार किया एवं हमें आशीर्वचन देने हेतु पधारने का कष्ट किया। आपको अपने बीच पाकर सम्मेलन परिवार अभिभूत है। मैं आपको यह विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि आपके संदेश को मारवाड़ी सम्मेलन बिहार के जन-जन तक पहूँचाने का कार्य करेगा।




मारवाड़ी सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए वरीय उपाध्यक्ष श्री बिनोद तोदी ने कहा कि सम्मेलन की स्थापना ७७ वर्ष पूर्व भागलपुर में हुई थी। तब से लेकर अब तक सम्मेलन अपनी अनवरत विकास यात्रा पर अग्रसर है। पूरे बिहार प्रांत में सम्मेलन की १५३ शाखाएँ है। सम्मेलन की सहयोगी संस्था के रूप में मारवाड़ी शिक्षा समिति, मारवाड़ी चिकित्सा सेवा समिति, मारवाड़ी महिला सम्मेलन तथा मारवाड़ी युवा मंच समाज में अपनी भूमिका निर्वाह कर रही है।

महामंत्री ओम प्रकाश टिबड़ेवाल सदस्य निर्देशिका प्रकाशित करने के उद्देश्य के बारे में बताया कि कई वर्षो से सम्मेलन कार्यालय में सदस्यों का पूर्ण विवरण काफी पुराना होने के कारण उनसे सम्पर्क करने में कठिनाईयाँ महसूस की जा रही थी। लगभग डेढ़ वर्ष के अथक प्रयास एवं सभी पदाधिकारियों तथा शाखाओं के सहयोग से इस कार्य को पूरा करने में सफलता मिली है और आज यह सदस्य निर्देशिका आपके सम्मुख है।

**सदस्य निर्देशिका का लोकार्पणः**– सदस्य निर्देशिका का लोकार्पण महामहिम् राज्यपाल श्री रामनाथ कोविन्द जी के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।

**लाईफ टाईम एचीवमेन्ट अवार्डः– प्रो० विश्वनाथ अग्रवाल, श्री लक्ष्मीनारायण डोकानिया, श्रीमती सुशीला मोहनका, श्री द्वारका प्र० तोदी एवं श्री रामावतार पोद्दार** को सम्मेलन एवं समाज के हित में अपने वाल्यकाल से अभी तक उल्लेखनीय कार्य करने वाले संस्था के पाँच वयोवृद्ध सम्मानित सदस्यों को महामहिम राज्यपाल द्वारा पुष्प गुच्छ, राजस्थानी साफा, शॉल एवं मेमेन्टो प्रदान कर उन्हें लाइफ टाईम एचीवमेन्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

सम्मेलन के निवर्तमान प्रादेशिक अध्यक्ष श्री पवन कुमार सुरेका ने महामहिम् जी का परिचय देते हुए उनकी विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया।

**महामहिम् का सम्बोधनः**– महामहिम् जी ने सबको सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी संस्था के लिए ७७ वर्ष पूरा करना काफी महत्वपूर्ण होता है और मैं इसके लिए मारवाड़ी सम्मेलन के सभी राष्ट्रीय, प्रादेशिक एवं शाखाओं के पदाधिकारियों को बधाई देता हूँ। आपने कहा कि यह गौरव की बात है कि सम्मेलन किसी व्यक्ति विशेष के हाथों में न जाकर संवैधानिक ढंग से चुनाव के माध्यम से कार्यरत है। राज्यपाल महोदय ने सम्मेलन द्वारा चलाये जा रहे दहेज प्रथा उन्मूलन, आडम्बर निवारण गोष्ठी, छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह, समाज के बुजुर्ग एवं समर्पित समाज सेवियों को समाजरत्न एवं लाईफ टाईम एचीवमेन्ट अवार्ड, देश के किसी भी भाग में प्राकृतिक आपदा के समय सेवा भाव जैसे कार्यो के लिए सम्मेलन के सदस्यों एवं

समाजबन्धुओं को बधाई दी। इन्होंने सामयिक विषय जैसे दिव्यांगों और गरीबों के सामूहिक विवाह समारोहों, बच्चों के टीका करण एवं बुजुर्गो को मोतिया विन्द ऑपरेशन जैसे कार्यक्रम चलाकर इसमें सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

आयोजक शाखाध्यक्ष श्री अंजनी कुमार सुरेका ने महामहिम् जी, प्रादेशिक अध्यक्ष एवं उपस्थित सभी समाजबन्धुओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। मारवाड़ी महिला समिति की सदस्याएँ श्रीमती पूनम मोर एवं उनकी टीम द्वारा राष्ट्र गान के साथ विमोचन कार्यक्रम समाप्त हुआ।

**पटना प्रमंडल का प्रमंडलीय अधिवेशनः**– पटना प्रमंडलीय अधिवेशन की अध्यक्षता प्रमंडलीय उपाध्यक्ष श्री मातादीन अग्रवाल ने की। अपने स्वागत भाषण में पटना नगर शाखा के अध्यक्ष श्री अंजनी कुमार सुरेका ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए प्रादेशिक अध्यक्ष द्वारा आतिथ्य का भार देने हेतु आभार प्रकट किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री मातादीन अग्रवाल ने प्रमंडल की सभी शाखाओं के कार्यों के बारे में प्रकाश डाला। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्री अशोक कुमार तुलस्यान ने अपने क्षेत्र की शाखाओं के कार्यो के बारे में जानकारी दी। पटना नगर शाखा, पटना सिटी शाखा एवं उपस्थित शाखाओं के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार रखें।

वरीय उपाध्यक्ष श्री बिनोद तोदी एवं श्री युगल किशोर अग्रवाल ने अपने-अपने विचार रखे। अन्त में प्रादेशिक अध्यक्ष श्री निर्मल कुमार झुनझुनवाला ने सभी के विचारों का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती से हीं किसी भी संस्था का विकास संभव है। आपने सदस्यता विस्तार पर जोर देते हुए प्रत्येक घर से एक सदस्य बनाने का आग्रह किया। उन्होंने समय की मांग को देखते हुए राजनीति में समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने की भी अपील की। पटना शाखा के मंत्री श्री रंदीप झुनझुनवाला द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद कार्यक्रम की समाप्ति हुई। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।



**प्रांतीय समाचार : पूर्वोत्तर**

## गोगोई की टिप्पणी पर सम्मेलन का कड़ा ऐतराज

कृषक मुक्ति संग्राम समिति (क एम एस एस) के नेता अखिल गोगोई द्वारा जोरहाट में मीडिया के सम्मुख मारवाड़ी समाज पर की गई टीका-टिप्पणी पर पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन ने घोर आपत्ति व्यक्ति की है। सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष मधुसूदन सीकरिया ने आज संवाद दाताओं से बात करते हुए कहा कि प्रत्येक जाति व जनगोष्ठि में भले व बुरे लोग होते हैं। ऐसे में यदि किसी व्यक्ति ने कोई गलत कार्य किया भी है, तो उस व्यक्ति विशेष का मामला है। इसके लिए उसकी जाति व धर्म के सभी लोगों पर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करना अत्यंत ही निंदनीय कार्य है। गोगोई ने इससे पूर्व भी कई बार समाज पर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया है। सम्मेलन द्वारा अनेक बार विरोध करने के बावजूद वे अपनी इस हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं, जो कि मारवाड़ी समाज के प्रति उनके पूर्वाग्रह से ग्रसित होने का परिचायक है। अमूमन शांत स्वभाव के सीकरिया ने आज सख्त लहजे में गोगोई से पूछा कि असम में आये दिन चोरी, डकैती के अलावा गैडों की हत्या आदि की भी वारदातें होती रही हैं। क्या गोगोई इन वारदातों को अंजाम देने वालों की भी जाति व धर्म के नाम का उल्लेख करने की हिम्मत दिखा पाएंगे? चूंकि मारवाड़ी समाज एक शांतिप्रिय समाज है व आपसी समन्वय व सद्भावना बनाए रखने पर हमेशा विश्वास रखता है। तथा कभी किसी वात का विरोध नहीं करता है, इसी वजह से गोगोई जैसे बड़बोले लोग अपनी तुच्छ राजनीति के लिए इस प्रकार के हथकंडे अपनाते हैं। सीकरिया ने आगे कहा कि गोगोई को यह नहीं भूलना चाहिए कि असम में पीढ़ी-दर-पीढ़ी रह रहे मारवाड़ी समाज में अधिकांश मध्यम व निम्न श्रेणी के लोग है, जिन्होंने हमेशा असम को अपनी कर्मभूमि के साथ-साथ अपनी जन्मभूमि भी माना है। साथ ही असम के सर्वांगीण विकास का सदैव सपना संजोया है। इसमें कोई दो राय नहीं कि यदि कोई गलती या अपराध करता है तो उसे कानूनन सजा मिलनी चाहिए, किंतु इसके लिए किसी एक समाज को हमेशा निशाने पर रखना कीं से भी जायज नहीं है। स्थानीय मारवाड़ी समाज ने असम के विकास में क्या-क्या योगदान किया है सर्वविदित है, इसे दोहराने की यहां कोई आवश्यकता नहीं है।

## प्रांतीय समाचार : पूर्वोत्तर

# पूर्वोत्तर शिवसागर (असम) मारवाड़ी सम्मेलन की नई टीम

अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन की शिवसागर शाखा की नई कार्यकारिणी समिति का गठन गत २३ अप्रैल २०१७ को किया गया। स्थानीय बाबा रामदेव मंदिर रूणिचाधाम में आयोजित संस्था की आम सभा में विजय कुमार चितावत को अध्यक्ष और रूपचंद करनानी को सचिव बनाते हुए १५ सदस्यों की शिवसागर शाखा कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। संस्था के सलाहकार कजोड़ीमल मोर की अध्यक्षता में संस्था की आम सभा आयोजित की गई। सचिव विजय कुमार चितावत ने सभा की उद्देश्य व्याख्या की और आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इसके बाद आगामी एक वर्षीय कार्यकाल हेतु विजय कुमार चितावत को अध्यक्ष, बुद्ध नारायण अग्रवाल और पवन केजड़ीवाल को उपाध्यक्ष, रूपचंद करनानी को सचिव, पवन चितावत और शुभम अग्रवाल को सह-सचिव, बजरंग चितावत को कोषाध्यक्ष, संजय पारीक को जनसंपर्क अधिकारी, विजय कसेरा, मनोज पोद्दार, मालचंद राठी, उमेश बलदुवा, संजय चितावत, राजेंद्र जोशी और राजन अग्रवाल को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चयनित किया गया। सभा में कजोड़ीमल मोर, शुभकरण शर्मा, कृष्णा खेमका और दिलीप चितावत को सलाहकार के रूप में मनोनीत किया। सभा में कई अन्य विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। सभा में सम्मेलन की प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य संजय पारीक, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष कृष्णा खेमका सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## प्रांतीय समाचार : दिल्ली

# दिल्ली में सांतवी शाखा का गठन

सभी को जानकर अत्यन्त प्रसन्नता होगी कि दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की सातवी शाखा 'सेन्ट्रल दिल्ली' का गठन किया गया। सर्वसम्मति से श्री सज्जन शर्मा जी को शाखाध्यक्ष बनाया गया। शाखा जल्द ही शपथविधि समारोह आयोजित करेगी। निवर्तमान प्रान्तीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका, प्रान्तीय अध्यक्ष श्री राज कुमार मिश्रा, प्रान्तीय उपाध्यक्ष बसन्त पोद्दार एवं काफी संख्या मे समाजबन्धु उपस्थित थे। सभी को हार्दिक बधाई एवं हार्दिक अभिनन्दन।

– **लक्ष्मीपत भूतोडिया**, प्रान्तीय महामंत्री

दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की दिनांक २७ मई को प्रान्तीय कार्यकारिणी की मीटिंग हुई जिसमे ४६ सदस्यो ने भाग लिया। ११३ नए life members बनाये गये जिनको कार्यकारिणी मे पास करवाया गया। एक सदस्य को वार्षिक से आजीवन मे बदला गया। सभी कार्यकारिणी सदस्यो ने ३० जून तक १०-१० नये सदस्य बनाने का निर्णय लिया। ३० जून तक ३ नयी शाखा भी खोलने का निर्णय हुआ। टीम मे पूरा उत्साह था। अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिये गये।

## प्रांतीय समाचार : उत्कल

# हिंसा पीड़ितों की सहायता को आगे आया उत्कल प्रदेशिक मारवाड़ी सम्मेलन

संप्रदायिक हिंसा से पीड़ित एवं क्षतिग्रस्त मारवाड़ी समुदाय के लोगों से मूलाकात करने के लिए उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, भुवनेश्वर एवं कटक शाखा को एक टीम ने एक दिवसिय भद्रक दौरा किया। सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल की अध्यक्षता में युवा नेता तथा मारवाड़ी सम्मेलन के सचिव उमेश खंडेलवाल, सूर्यकान्त सांगनेरिया, सुरेश कमानी, देवकी नन्दन कदेड़िया, प्रकाश अग्रवाल, राजेश केजरीवाल, बालेश्वर से शिबू पोद्दार इस टीम में शामिल थे। इस प्रतिनिधि दल ने सबसे पहले भद्रक के जिलाधिकारी ज्ञान रंजन दास से मुलाकात कर संप्रदायिक हिंसा से प्रभावित मारवाड़ी समाज के लोगों को सरकार से उचित मुआवजा दिलाने के साथ-साथ उनको सुरक्षा मुहैया करवाने की मांग की। इसके अलावा टीम ने स्थानीय चंदन बाजार के संवेदनशील होने के नाते वहां पर एक पुलिस चौकी खोलने की मांग करते हुए जिले में शान्ति वापस लाने के लिए प्रशासन का हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। बाद में चंदन बाजार स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें भद्रक के मारवाड़ी समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में संगठन को मजबूत करने के साथ साथ आत्मरक्षा पर मंथन किया गया। इसके अलावा अपनी मांगों को लेकर एवं बारंबार प्रताड़ित होने को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सोंपने का निर्णय लिया गया। उमेश खंडेलवाल ने कहा कि अधिकतर मारवाड़ी व्यवसायी है तथा सरकार को अधिक कर देते है। जब भी साम्प्रदायिक हिंसा होती है सबसे अधिक नुकसान मारवाड़ी समुदाय के व्यवसायियों को होता है। इसलिए उन्होंने सभी युवा मारवाड़ियों को एकत्रित होकर हिंसा रोकने के लिए आगे आने का आह्वान किया। वहां के गोपाल तिवारी, नरेन्द्र लाहा, योगेश महावार, ओम प्रकाश गुप्ता, राधेश्याम डिढवानीया एवं संदेश कुमार गुप्ता को संप्रदायिक हिंसा में हुए भारी नुकसान को देखते हुए उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी शाखा के प्रतिनिधि दल की तरफ से आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। इस टीम के साथ भद्रक जिले के पवन बागड़िया, आशीष डिडवानीया, राज किशोर अग्रवाल, मुनेश गुप्ता, सुनिल डिडवानिया ने हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

## प्रांतीय समाचार : झारखण्ड

झारखण्ड प्रान्तीय मारवाड़ी सम्मेलन की ९ अप्रैल २०१७ को राँची में आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में संस्था के संविधान में प्रस्तावित संशोधनों के फेरबदल के साथ सर्वसम्मति से पारित कर दिया। अब इसे प्रान्तीय समिति की २८ मई २०१७ को आहूत बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा। प्रान्तीय समिति में पारित होते ही प्रस्तावित संशोधन प्रभावी हो जायेंगे। कार्यकारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता प्रान्तीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने की।




उल्लेखनीय है कि प्रान्तीय सम्मेलन के संविधान में संशोधन की आवश्यकता गत काफी समय से महसूस की जा रही थी। और इस हेतु प्रान्तीय उपाध्यक्ष श्री रतनलाल बंका के संयोजकत्व में संविधान संशोधन समिति गठित की गयी। पूर्व प्रान्तीय महामंत्री श्री कमल कुमार केडिया एवं श्री वेद प्रकाश अग्रवाल समिति के सह संयोजक है।

कार्यकारिणी समिति की बैठक में नये सत्र (२०१७-१९) के लिए प्रान्तीय अध्यक्ष के निर्वाचन की तिथि निर्धारित की गयी। निर्णयानुसार नये प्रान्तीय अध्यक्ष का निर्वाचन ९ जुलाई २०१७ को राँची में प्रान्तीय समिति द्वारा किया जायेगा। वर्तमान प्रान्तीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने ५ जुलाई २०१५ को राँची में आयोजित प्रान्तीय अधिवेशन में पदभार ग्रहण किया और ठीक दो वर्ष पश्चात नये अध्यक्ष के निर्वाचन की तिथि निर्धारित की गयी है।

कार्यकारिणी की बैठक में सदस्यों ने प्रान्तीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया के कार्यो की सराहना की। विशेषकर, सदस्यता अभियान की सफलता पर संतोष व्यक्त किया।

महामंत्री श्री बसंत कुमार मित्तल ने जानकारी दी कि प्रांत के छह प्रमण्डलों में से चार प्रमण्डलों – राँची, धनबाद,



हजारीबाग तथा कोल्हान में प्रमण्डलीय अधिवेशन आयोजित हो चुके है और शेष दो प्रमण्डलों – पलामू तथा संथाल परगना में भी शीघ्र ही प्रमण्डलीय अधिवेशन आयोजित किये जायेंगे। पलामू प्रमण्डल का अधिवेशन लातेहार जिलान्तर्गत चंदाव में तथा संथाल परगना प्रमण्डल का अधिवेशन देवघर जिलान्तर्गत मधुपुर में होगा। इनकी तिथियों की शीघ्र घोषणा की जायेगी।

बैठक में सदस्यों ने सम्मेलन को सुदृढ़ करने तथा समाज के समक्ष उपस्थित चुनौतियों का सामना करने के लिए कई सुझाव दिये।

प्रान्तीय अध्यक्ष ने इस सम्बंध में कहा कि सुझावों का सदैव स्वागत है और इन पर गंभीरतापूर्व विचार किया जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रान्तीय अध्यक्षगण श्री भागचन्द पोद्दार, श्री विनय सरावगी, श्री राजकुमार केडिया, प्रान्तीय उपाध्यक्ष श्री रतनलाल बंका, श्री ओम प्रकाश प्रणव, श्री नन्द किशोर पाटोदिया, संयुक्त महामंत्री, श्री प्रकाशचन्द्र बजाज, श्री प्रदीप जैन बाकलीवाल, श्री पवन शर्मा, श्री पवन पोद्दार, श्री प्रदीप तुलस्यान, श्री सुरेशचन्द्र अग्रवाल, हजारीबाग से श्री दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, जमशेदपुर से श्री निर्मल काबरा, श्री उमेश शाह, श्री संतोष अग्रवाल, श्री विजय खेमका, श्री अशोक मोदी, श्री सांवरलाल शर्मा, श्री बजरंगलाल अग्रवाल, रामगढ़ से श्री बजरंग लाल अग्रवाल, गुमला से श्री महाबीर साबू, श्री पवन कुमार अग्रवाल, लोहरदगा से श्री सीताराम शर्मा, धनबाद से श्री महेन्द्र भगानिया इत्यादि उपस्थित थे।

प्रान्तीय उपाध्यक्ष श्री धर्मचन्द जैन रारा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के पश्चात बैठक समाप्त हुई।

**– श्री बसंत कुमार मित्तल**
प्रान्तीय महामंत्री

## प्रांतीय समाचार : झारखण्ड

झारखंड प्रान्तीय मारवाड़ी सम्मेलन की सर्वोच्च नीति निर्धारण समिति प्रान्तीय समिति की बैठक आज रविवार २८ मई २०१७ को अग्रसेन भवन राँची के सभागार में प्रान्तीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें राँची सहित प्रायः सभी जिलों के प्रतिनिधियों ने शिरकत की। पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष श्री भागचन्दजी पोद्दार, श्री विनयजी सरावगी, श्री राजकुमारजी केड़िया विशेष रूप से उपस्थित थे।

बहु प्रतीक्षित संविधान संशोधनो को अंगीकार किया गया।

सत्र २०१७-२०१९ के लिए प्रान्तीय अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु श्री रतन लाल बंका, श्री कमल कुमार केड़िया एवं श्री वेद प्रकाश अग्रवाल के संयोजकत्व मे चुनाव समिति का गठन किया गया। प्रत्येक प्रमण्डल से एक सदस्य को चुनाव समिति मे मनोनीत किया जायेगा।

नये प्रान्तीय अध्यक्ष का निर्वाचन रविवार ९ जुलाई २०१७ को राँची में आहुत प्रान्तीय समिति की बैठक मे होगा।

रविवार १८ जून २०१७ को राँची में प्रस्तावित सम्मेलन की अखिल भारतीय समिति की बैठक के आतिथ्य एवं वयवस्थता के लिए आवश्यक विचार-विमर्श किया गया।

सदस्यता विस्तार एवं संगठनात्मक कार्यो पर संतोष व्यक्त करते हुए निरन्तर आगे बढाने का संकल्प व्यक्त किया गया।

– **बसंत कुमार मित्तल**
प्रान्तीय महामंत्री

## मानवता की सेवा की मिसाल दी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने




रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने मानव सेवा को जीवन का सर्वश्रेष्ठ कार्य समझते हुए सड़क दुर्घटना में शिकार होकर हाथ व पैर से चोटील, कोकर स्थित खोराहटोली निवासी श्री सिकंदर पोद्दार से मिलकर उनको एक व्हील चेयर प्रदान किया।

## श्री संदीप फोगला द्वारा उच्च शिक्षा कोष के लिये अनुदान



**विशिष्ट उद्योगपति श्री संदीप फोगला ने सम्मेलन के उच्च शिक्षाकोष के लिये पिछले माह ही १५ लाख का अनुदान सम्मेलन को दिया है। हम आशा करते है कि आगे भी उनसे सहयोग मिलता रहेगा। सम्मेलन की ओर से श्री फोगला के प्रति हम हार्दिक आभार व्यक्त करते है।**

## संयुक्त राष्ट्रसंघ की माडल सभा आयोजित




ला मार्टिनियर कोलकाता द्वारा २ दिवसीय माडल संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा १३-१४ मई को आयोजित की गई। दसवें वर्ष आयोजित इस समारोह में पूरे भारतवर्ष के ३४ विद्यालयों से ४०० से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह मे **सुश्री काजरी सरकार**, निर्देशक, विदेश मंत्रालय, **श्री सीताराम शर्मा**, अध्यक्ष वेस्ट बंगाल फेडरेशन आफ यूनाइटेड नेसन्स, **श्री जोन रफी**, ला मार्टिनियर फोर व्यायज के प्रिंसिपल एवं **श्रीमती रूपकथा सरकार**, ला मार्टिनियर फोर गर्ल्स की प्रिंसिपल ने अपने वक्तव्य रखे। उन्होंने आशा प्रकट की कि इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थियों मे संयुक्त राष्ट्र के बारे में जानकारी बढेगी। साथ ही साथ अंतर्राष्ट्रीय मामले पर उनका नजरीया बेहतर होगा।

श्रद्धांजलि

# समाजसेवा के प्रणेता नहीं रहे!

**– सीताराम शर्मा**
पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष



पुष्करलाल जी के आकस्मिक देहावसान का समाचार मिनटों में सारे कोलकाता शहर में फैल गया। देखत-देखते उनके कैलाश बोस स्ट्रीट स्थित निवास-स्थान में लोगों का ताँता लग गया। शवयात्रा में शामिल होने के लिए जब मैं भाई सन्तोष सराफ के साथ पहुँचा तो भारी भीड़ के अतिरिक्त जिस चीज ने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया वह था उपस्थित लोगों में साधारण कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या। लगा प्रत्येक छोटे-बड़े सामाजिक कार्यकर्ता ने जैसे अपना प्रेरक पुरुष खो दिया हो।

दशकों के बाद कोलकाता ने सही मायने में एक विशुद्ध, समर्पित एवं निष्काम समाजसेवी के रूप में पुष्करलाल केडिया को पाया था। एक समय कोलकाता में सीताराम सेक्सरिया, बजरंगलाल लाठ, भंवरमल सिंघी, रामकुमार भुवालका, तुलसीराम सरावगी जैसे अनेक कर्मठ और ईमानदार सामाजिक कार्यकर्ता समाज के लिए गौरवपुत्र थे। मैं बड़े हिचक के साथ लिख रहा हूँ कि इन वर्षों में 'समाजसेवी' शब्द का कहीं न कहीं अवमूल्यन हुआ है। 'सुप्रसिद्ध समाजसेवी' के अलंकार को नामों में जोड़ना केवल एक फैशन बनकर रह गया है।

समाज में धन के बल पर नाम, सम्मान और प्रतिष्ठा आसानी से प्राप्त कर 'सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी' बना जा सकता है लेकिन एक साधारण कार्यकर्ता केवल अपने सामाजिक योगदान और कर्मठता के बल पर ही वह सम्मान प्राप्त कर सकता है जिसका वह अधिकारी है। इसका पुष्करलाल जी केडिया से बड़ा कोई उदाहरण नहीं हो सकता। उन्होंने समाज में जो नाम, इज्जत, ऊँचाई और कद हासिल किया वह केवल अपनी समाजसेवा के बल-बूते पर प्राप्त किया। इसीलिए पुष्करलाल जी एक साधारण कार्यकर्ता के लिए बहुत बड़े प्रणेता थे। वे उनको प्रेरणा देते थे कि एक साधारण से साधारण व्यक्ति केवल अपनी सेवा-साधना के माध्यम से समाज में अपना नाम एवं स्थान प्राप्त कर सकता है।

पुष्करलाल जी एक व्यक्ति नहीं, अपने आप में एक संस्था थे। उनका सबसे बड़ा योगदान मेरे समझ में ऐसे सैकड़ों कार्यकर्ताओं को तैयार करना रहा जो बिना किसी नाम, पद, पब्लिसिटी के काम करने को तैयार थे और करते थे। वे अपने समर्थकों के लिए आदर्श व्यक्ति ही नहीं, अपने आप में आदर्श थे। ऐसे व्यक्तित्व का आदर्श के रूप उभरकर आना उनके उच्चतम व्यक्तिगत गुणों का परिचायक रहा है। पुष्करलाल जी अपने जीवनकाल में ही समाजसेवा के पर्यायवाची बन गए थे एवं कोलकाता के सामाजिक जीवन में जब भी समाजसेवा की चर्चा होती थी तो अपने आप उदाहरण के रूप पुष्करलाल जी का नाम स्वत;स्फूर्त आता था।

आज उन्हें खोकर साधारण कार्यकर्ता किसकी ओर देखेगा और किससे प्रेरणा लेगा, इस प्रश्न का उत्तर मिलना तब तक सम्भव नहीं लगता जब तक कोई दूसरा ऐसा व्यक्तित्व सामने नहीं आता। इस क्षति की पूर्ति बहुत शीघ्र सम्भव नहीं दिखती।

# कल, आज कल



परिवार तो हुआ करते थे,
जब बृद्ध दादा के हुक्के की गुड़गुड़ाहट,
आपस में लड़ते-झगड़ते बच्चों की हूंकार,
नव बधुओं के पायल की झंकार!
बंधी गाय - भैंसों की पुकार,
भौकतें कुत्तों को दुत्कार!
परिवार के सभी सदस्यों का प्यार,
एक ही छत के नीचे देखने को मिलता था!!
आज तो Families होती हैं,
पति पत्नी एवं IVF TREATMENT से
मुश्किल से पैदा किया एक बच्चा।
यही तो परिवार बन गया है।
वृद्ध माता-पिता को तो वृद्धाश्रम में जमा करा दिया जाता है।
प्रोग्राम बनाकर महीने में छुट्टी के एक दिन जाकर मिल आते हैं।
पति हर इशारे पर पत्नी कैसे खुश रहे
इसी में लीन रहता है।
बच्चे की देख भाल तो आया को करनी है।
बच्चा भी उसी की देखरेख
में पलकर - TV/Mobile एवं नौकर आया से जो सीख पाता है - ज्ञान प्राप्त करता है।
संस्कार, वार-त्यौहार, व्यवहार,
आचरण - बड़े-बुजुर्गों का सम्मान जैसे शब्द तो उनके लिए कुछ नया सा ही होता है।
समय कितना बदल गया रे,
हम किस गति में जा रहे है -
प्यार होता है, इकरार होता है,
नतीजन सगाई की रस्में हो जाती हैं,
देन-लेन होता है, पार्टियां होती है,
कुछ दिन बीते जल्द खबर शुरू होती है,
सगी - साथी फुसफुसाते हैं - आपस में तकरार होने लगी है,
शादी से पहले ही सगाई टूट भी जाती है।
शादी कर भी लेते हैं तो - कितने दिन-महीने चलती है,
तरेर आने लगती है, अंत में टूट जाती है।
इतना होने लगा है कि कुछ नया नहीं लगता!!
समय कितना बदल गया है -
जो करलो सब सही है, सबकी मनमानी है,
क्या कहें? किससे कहें? घर घर की यही कहानी है।

**– हरि प्रसाद बुधिया**
अध्यक्ष, पैटन ग्रुप

*With Best Compliments from:*



# ROAD CARGO MOVERS PVT. LTD.

**Head- office:**
1 Gibson Lane, 2nd Floor
Suite- 211, Kolkata- 700069
Phone : 2210-3480,2210-3485
Fax: 2231-9221
E-mail : info@roadcargo.in

**Branches & Associates :**
Guwahati, Siliguri, Durgapur, Haldia, Kharagpur, Balasore,
Bhubneswar, Cuttuck, Iccapuram, Vishakapatnam, Vijaywada,
Hyderabad, Chennai, Bangalore, Cochin, Gaziabad ( U.P. Border), Indore

# CENTURYPLY®

CENTURYPLY®
CENTURYLAMINATES®
CENTURYVENEERS®
CENTURYPRELAM®
CENTURYMDF®
CENTURYDOORS™

zykron
FIBRE CEMENT BOARDS & PLANKS

STARKE™
NEW AGE PANELS

SAINIK
PLYWOOD
HAMESHA TAIYYAR

For any queries, **SMS 'PLY'** to **54646** or call us on **1800-2000-440** or give a missed call on **080-1000-5555**

E-mail: **kolkata@centuryply.com** | CenturyPlyOfficial | CenturyPlyIndia | YouTube Centuryply1986 | Visit us: **www.centuryply.com**


AT
ANU®
SAREES

# सम्मेलन के सदस्य बने एवं बनायें



– **शिव कुमार लोहिया**
राष्ट्रीय महामंत्री

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन ८२ वर्ष की यात्रा सम्पूर्ण कर रही है। किसी भी संस्था के लिए इतनी लम्बी यात्रा अत्यंत ही महत्वपूर्ण होती है। सम्मेलन की स्थापना के समय दिये गये अभिभाषण में संस्थापक अध्यक्ष रामदेव जी चोखानी ने सम्मेलन के उद्देश्य के बारे में स्पष्ट किया था – **"जिस महान एवं पवित्र उद्देश्य को लेकर हमलोग यहाँ उपस्थित हुए हैं, वह उद्देश्य है सम्पूर्ण मारवाड़ी समाज का सामूहिक संगठन, ऐसा संगठन जो जाति में नवजीवन का संचार करने वाला हो, उसके कार्यकर्ताओं में उल्लास, सजीवता एवं कर्मोद्यम का भाव भरने वाला हो, और जिसमें समाज की विभिन्न शाखाएँ सम्बद्ध हो, अपने जातीय हित और उससे भी बृहत्तर सम्पूर्ण देश के स्वार्थ सम्बन्ध रखने वाले समस्त प्रश्नों पर विचार करे और अपना कर्तव्य स्थिर करे।"** प्रथम अधिवेशन में पास किये गये प्रस्ताव महत्वपूर्ण है– "यह सम्मेलन मारवाड़ी भाईयों से अनुरोध करता है कि वे नागरिक एवं राजनीतिक सभी देशोन्नति के कार्य में दिलचस्पी लें और उनके चुनाव में सम्मिलित होकर तथा उनमें प्रवेश करके देशवासियों की सेवा करने का सुयोग प्राप्त करें।" अन्य प्रस्ताव इस प्रकार है– "यह सम्मेलन भिन्न-भिन्न प्रान्तों में बसने वाले मारवाड़ी बन्धुओं से अनुरोध करता है कि वे जिस प्रांत के निवासी हों, वहाँ के अन्यान्य समुदायों के साथ मिलकर वहाँ के सार्वजनिक कार्यों में अधिकाधिक भाग लें जिससे उनके पारस्परिक प्रेम एवं सद्‌भावना को दृढ़ता प्राप्त हो।"

सन् १९४७ में आयोजित छठवें अधिवेशन में सम्मेलन ने अपने उद्देश्यों में संशोधन कर समाज सुधार के प्रस्ताव भी पास किये। इनमें पर्दा प्रथा निवारक प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित हुआ। अखिल भारतीय समिति की बैठक में पर्दा प्रथा के विरोध में किये जा रहे आंदोलन को जोर करने, दहेज प्रथा, सजावट एवं रोशनी को प्रतिबंधित करने जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। साथ ही साथ नई चेतना के फलस्वरूप समाज में नारी शिक्षा, विधवा विवाह जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति भी सोच में बदलाव आया। इन सब सफलताओं के पीछे सम्मेलन एवं समाज के असंख्य कार्यकर्ताओं का लगन, निष्ठा एवं मेहनत मुख्य कारण था। देश के विभिन्न भागों में दौरे करके अलख जगाया गया।

पूरे देश से आज समाज के द्वारा संचालित असंख्य संस्थाएँ सेवारत है। इन सबमें अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन एक मात्र राष्ट्रीय प्रतिनिधि के रूप में अपना विशिष्ट स्थान रखता है। अपने दीर्घ जीवनकाल में सम्मेलन ने निम्नलिखित क्षेत्रों से विशेष सफलता हासिल की है –

१. स्वराज्य से पहले ही राजस्थान की बात उठाई।
२. सम्मेलन द्वारा प्रतिपादित समरसता का सिद्धांत राष्ट्रीय एकता एवं संहिता को मजबूत करता है। परस्पर सौहार्द एवं भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है।
३. नारी शिक्षा पर जोर देने के फलस्वरूप समाज की युवतियाँ आज सभी क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही है।
४. सम्मेलन के निरन्तर प्रयास से समाज सुधार का कार्य अनेक क्षेत्रों में सफलता के साथ सम्पन्न हुआ है एवं हो रहा है।
५. विभिन्न प्रदेशों में जब जब समाज बंधुओं को संकट का सामना करना पड़ा, सम्मेलन ने अपनी आवाज उठा कर राहत पहुँचाने का भरपूर प्रयास किया है एवं सफलताएँ हासिल की है।
६. सम्मेलन पूरे समाज को एक मंच प्रदान किया है। समाज की यह एकमात्र वैचारिक संस्था है जो समाज के हित साधना के लिए अपनी खामियों को दूर करने के लिए सतत् प्रयत्नशील है।

हम सभी यह जानते हैं कि संगठन को मजबूत करना किसी भी संस्था के लिए अति आवश्यक है। इसके लिए सभी समाज बंधुओं को आगे आकर अपनी-अपनी भूमिका निभानी होगी। हमारा न्यूनतम लक्ष्य है कि प्रत्येक घर से कम से कम १ सदस्य। समाज के उत्थान के लिए, अपने क्षेत्र में एवं राष्ट्र में अपनी पहचान बनाने के लिए एवं अपनी आवाज को मजबूत बनाने के उद्देश्य से वर्तमान सत्र में यह नारा स्वीकृत किया गया- **संगठित समाज - सशक्त आवाज**। अक्सर यह प्रश्न उठता है कि सम्मेलन का सदस्य क्यों बना जाय? उससे हमें क्या लाभ? आइये हम इस प्रश्न के उत्तर खोजें।

१. आज समाज में कई समस्याएँ मुँह बाये खड़ी है – परिवार में बिखराव, दाम्पत्य जीवन में टकराव, बढ़ते तलाक, बुजुर्गों को उचित सम्मान का अभाव, विवाह आदि समारोहों में मद्यपान का बढ़ता प्रचलन, फिजुल खर्ची एवं आडम्बर जैसे मुद्दे समाज की प्रगति में बाधा पहुंचा रहे हैं। भिन्न स्तरों पर सम्मेलन के माध्यम से इन विषयों पर कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

२. संघे शक्ति कलियुगे - सभी समाज संगठित हो रहे हैं। हमारे समाज की राष्ट्रीय उत्थान एवं विकास में सशक्त भागीदारी रही है। फिर भी हमारी आवाज की पहचान जितनी होनी चाहिए उतनी नहीं हो पाई है। उसके लिए हमें साथ मिलकर एकजुट होना होगा।

३. हमारी मातृभाषा एवं संस्कृति हमारी पहचान है एवं विशेषता भी है। आज के अंधाधुंध दौड़ के युग में हम संगठित होकर ही अपनी पहचान एवं अस्मिता बचा सकते हैं।

४. हम जहाँ भी रहे हैं, मातृभूमि को नहीं भूलना चाहिए। हरेक माटी की अपनी विशेषता होती है। हमारे माटी की विशेषता ही हमारे पूरे समाज की विशेषता है, जिसके लिए हम जाने-पहचाने जाते हैं। माटी से जुड़ाव हमारा फर्ज है। हम पर हमारी माटी का कर्ज है।

५. सम्मेलन राजनैतिक चेतना के लिए प्रयासरत है। संगठित रहने से हममें सुरक्षा का भाव, आपसी प्रेम भाव बढ़ता है।

६. सम्मेलन से जुड़कर हम समाज के प्रति अपना कर्तव्य निभाने का फायदा उठा सकते हैं।

७. सम्मेलन के द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रम यथा - वैवाहिक परिचय, नौकरी सहायता, मायड़ भाषा का प्रचार-प्रसार, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लाभ उठा सकते हैं।

सम्मेलन शाखाओं में बसता है। सम्मेलन का असली बजूद छोटे शहरों एवं गाँवों में देखने को मिलता है। इन जगहों में मैंने स्वयं महसूस किया है एवं समाज में चर्चा के दौरान जाना है कि सम्मेलन पूरे समाज बंधुओं के लिए अहम स्थान रखता है। भागलपुर में बिहार प्रदेश के प्रादेशिक अधिवेशन के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा जो कि शहर के मुख्य इलाकों से होते हुए सभा स्थल पहुँची, में भाग लेते हुए गर्व महसूस हो रहा था। इसी प्रकार बारगढ़ में भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे के अवसर पर निकली भव्य शोभायात्रा जिसमें समाज बंधुओं के साथ साथ स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया। इन सबकी स्मृति अभी भी मानस पटल पर तरोताजा है। यह सब स्थानीय मजबूत संगठन के कारण ही हो सका।

अतः सभी समाज बंधुओं से मैं आग्रह करूँगा कि सम्मेलन एवं समाज का मजबूती प्रदान करने के लिए सदस्य बने एवं अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनायें।

अकेले हम बूंद हैं, मिल जायें तो सागर हैं।
अकेले हम धागा हैं, मिल जाये तो चादर है।
अकेले हम कागज हैं, मिल जाये तो किताब है।
अकेले हम अल्फाज हैं, मिल जाये तो जवाब है।
अकेले हम पत्थर हैं, जिस जाये तो इमारत है।
अकेले हम दुआ हैं, मिल जाये तो इबादत है।


**समाचार सार**

## सोनम माहेश्वरी ने की पुलिस की नौकरी

वर्तमान में पूरे देश में महिला सुरक्षा को लेकर महिला पुलिस की तैनाती पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विभिन्न राज्यों में महिलाओं के लिए विशेष महिला थाना भी स्थापित किया जा रहा है। सभी समाज की लड़कियां पुलिस की नौकरी में ज्वाइन करने पर भी मारवाड़ी समाज की लड़कियों का नाम पश्चिमबंगाल पुलिस में नजर नहीं आता है। लेकिन इस समुदाय की एक लड़की सोनम माहेश्वरी इसका अपवाद है। व्यवसायी परिवार में पली-बढ़ी सोनम ने उच्च शिक्षा में शिक्षित पुलिस की नौकरी को चुना है। कूचबिहार जिले के टापुरहाट गांव की लड़की होने पर भी प्रथम पढ़ाई कूचबिहार मॉडर्न स्कूल से की है। बाद में कॉमर्स शाखा में मास्टर डिग्री करने के बाद अंग्रेजी में उन्होंने मास्टर डिग्री की है। डबल एम.ए. करने के बाद सिलीगुड़ी के विद्यासागर बी.एड. कॉलेज से बी.एड में पढ़ाने के क्रम में ७ मई २०१४ को महिला पुलिस के एस.आई. परीक्षा में पास कर इन्होंने बैरकपुर में पुलिस की ट्रेनिंग ली। मारवाड़ी समाज से पहली बार किसी युवती ने पश्चिम बंगाल के पुलिस खाते में नाम लिखायी है। बाद में उन्होंने माथाभांगा थाना में नौकरी ज्वाइन करने के बाद से ही माथाभांगा थाना में कई परिवर्तन किया। माथा भांगावासियों का कहना है कि विशेष रूप से सड़कों पर शराब पीने व लड़कियों से छेड़खानी बंद हुआ है। साधारणतः लड़कियों को रात में ड्यूटी नहीं दिया जाता है लेकिन सोनम माहेश्वरी इससे अलग हैं। सोनम खुद ही थाना के दायित्व में रहने वाले ओसी के पास से पार्मिशन लेकर रात में ड्यूटी करती हैं। सोनम ने हथियार बरामद करने से लेकर विभिन्न तरह के अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

प्रेषक – **जय किशन झाँवर**, कोलकाता

## मनड़ै री तिरस



व्यू सामवेद री मूळ रीचा क,
तुलछी री चौपाई थू
दिन भररो या के लो क,
नींद री गोदी है थू
मून स्यांति रात री क,
परभाती री शहनाई है थू
म्हारे मनड़े ही विरस क,
धोरा री धरती-सी
देखत पांण तिरपत करै थू।

– **डॉ. अर्जुनसिंह शेखावत**
पाली (राजस्थान)

# मीरा कुमार ने किया 'आत्मस्वरूप आत्माराम सोन्थलिया' नामक पुस्तक का लोकार्पण




अपने जीवनकाल के ६५ साल से अधिक समय से सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय ८३ वर्षीय समाजसेवी आत्माराम सोन्थलिया के सम्पूर्ण जीवन दर्शन को समाहित कर लिखी गई जीवनी 'आत्मस्वरूप आत्माराम सोन्थलिया' का लोकार्पण हिन्दुस्तान क्लब में लोकसभा की पूर्व स्पीकार मीरा कुमार ने किया। दिल्ली से पुस्तक लोकार्पण के लिये कोलकाता पधारी श्रीमती कुमार ने जीवनी लोकार्पण के पश्चात कहा कि भाई आत्मारामजी ने अपने जीवन में बड़े, समकक्ष एवं छोटों को समान रूप से सम्मान दिया है। यह इनके व्यक्तित्व की बहुत बड़ी खासियत है। उन्होंने कहा अपनी जन्मभूमि मण्डावा से आपका लगाव इस बात को दर्शाता है कि आपमें जमीर है। इस लिये अपनी जमीन से आज भी जुड़े हैं। मेरे पिताजी बाबू जगजीवन राम से आपका रिश्ता जग-जाहिर है। उनके दिखाये पथ पर चलते हुए आज भी आप दलितों एवं कमजोरवर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे हैं। इस पुस्तक को प्रकाशित करवाकर आपके पुत्रों ने समाज को एक ऐसी धरोहर दी है जो आने वाले कई वर्षों तक लोगों को जीवन जीने की दिशा में मार्गदर्शन देती रहेगी।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रह्लादराय अगरवाला ने कहा कि आत्मारामजी की कार्यक्षमता के सामने इनकी उम्र छोटी हो जाती है। प्रेम के साथ रिश्तों को निभाना आपसे सीखा जा सकता है। अहंकार से कोसों दूर रहकर सादगीपूर्ण सामाजिक जीवन जीना ही आपका लक्ष्य नजर आता है।

आत्मारामजी के तीनों पुत्रियों अनीता जैन, सुनीता सरावगी एवं मीनाक्षी जालान ने कहा कि पापा से ही हमें संस्कारों की सीख मिली। उन्होंने कहा कि जीवन में बाप हर कोई बन सकता है किन्तु पिता बनना आसान नहीं होता। पापा ही हमारी जमीर और विश्वास हैं जो कि ईश्वर के रूप में हमारे सामने हैं।

धर्मपत्नी श्रीमती बिमलादेवी सोन्थलिया ने कहा कि कहते हैं कि पति-पत्नी का रिश्ता उपर से बनकर आता है, अगर ऐसा है तो मैं कह सकती हूँ कि उपर वाले ने स्वयं मुझसे रिश्ता जोड़ा है।

सभी के भावोद्गार के पश्चात आत्माराम सोन्थलिया ने मायड़ भाषा में अपनी बात रखते हुए कहा कि मैंने अपने जीवन में ऐसा कोई कार्य नहीं किया कि मेरी जीवनी प्रकाशित हो। किन्तु मुझे पुत्र की इच्छा का सम्मान करना पड़ा। मेरे जीवन में समाज ने मुझे अपार स्नेह दिया, परिवार ने प्रत्येक सुख-दुख की घड़ी में साथ दिया। बाबू जगजीवन राम तो मेरे पिता तुल्य थे। बहन मीराजी ने भी सम्बन्धों को अटूट बनाये रखा। मैं सबके प्रति कृतज्ञ हूँ।

इसके पूर्व जीवन के लेखक पत्रकार संजय हरलालका ने कार्यक्रम का सफल संचलान करते हुए आत्मारामजी का संक्षिप्त जीवन परिचय दिया। लेखक का परिचय दिया ऐश्वर्य सोन्थलिया ने, स्वागत वक्तव्य अखिल सोन्थलिया तथा धन्यवाद ज्ञापन वन्दना सोन्थलिया ने दिया। सोन्थलिया परिवार की ओर से अनिल सोन्थलिया, संजय सोन्थलिया, किरण सोन्थलिया, सुनीता सोन्थलिया एवं संगीता सोन्थलिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

## Prayer to Mother Saraswati

*– Dr. H. P. Kanoria*



*O Mother Saraswati! Thou art the embodiment of knowledge*
*Thou art the embodiment of wisdom*
*Thou art the embodiment of intelligence*
*Thou art the embodiment of intellect*
*Thou art the embodiment of intuition and conscience*
*Thou art the embodiment of the discrimination between the good and the bad*
*Thou art the embodiment of music, art and culture*
*Thou art the embodiment of all Goddesses*
*Thou art the essence of the great Vedanta*
*Thou art like the swan, separating the milk and water*
*Thou art full of perfection*
*Thou art the symbol of purity in white apparel*
*Thou art sitting on a white lotus*
*Thou art holding a veena in Thy hand*
*Thou have the white rosary in Thy hand*
*Thou play the veena for the message of love, peace, and harmony*
*Thou art the instrumental fall of egoistic beings*
*Thou art being adored by Lord Brahma, Lord Vishnu, Lord Shankara and all the Devas*
*Mother, thou radiate the joy of Divine bliss*
*Thou art the giver of boons*
*Mother! Lead us to perfection by Thy motherly way.*
*Mother never turns Thy radiant, gracious face from Thy children*
*Maa Veena Pani we contemplate Thee*
*We meditate on Thee*
*Mother keeps us free from ego*
*Mother grant us knowledge, wisdom, intelligence, intellect, conscience and discrimination*
*Mother bless us to hear the voice within our heart*
*We children bow at Thy lotus feet again and again.*

*(Dr. Kanoria is Past President of AIMF)*

## माँ शारदा की प्रार्थना

**– डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया**

हे माँ शारदा! तुम ज्ञान का अवतार हो,
मनीषा का अवतार हो,
प्रज्ञा का अवतार हो,
बुद्धि का अवतार हो,
अंतः प्रज्ञा और विवेक का अवतार हो,
अच्छाई और बुराई में विभेद का अवतार हो,
कला, संगीत और संस्कृति का अवतार हो,
सम्पूर्ण देवीयों का अवतार हो,
महान वेदान्त के सारांश का अवतार हो,
हंस की भाँति नीर-क्षीर विवेकवान
तुम पूर्णता का अवतार हो।
श्वेतकमल-आसीन,
श्वेत वस्त्रधारिणी,
एक हाथ में थामे वीणा,
दूसरे में श्वेत सुमरिनी,
वीणावादन से प्रेम, शान्ति
और सौहार्द का सन्देश देती
अहंकार विनाशिनी
ब्रह्मा, विष्णु, महेश, देवाधिगण
करते जिसका वंदन
माँ! दिव्या प्रभा से जगमगाती,
वरदानदात्री,
माँ! अपनी ममता से हमें
पूर्णता की ओर बढ़ाओ,
माँ! अपने बालकों से अपना
गरिमामय मुख न छिपाओ,
माँ वीणापाणि हम तुम्हारा मनन करते,
निरन्तर तुन्हारा ध्यान धरते,
माँ! अहं से हमें मुक्ति दो,
माँ! हमें ज्ञान, प्रज्ञा, विवेक-बुद्धि दो।
आशीष दो कि अंतर्मन का स्वर सुन पाएँ,
हम बालक तुम्हारे चरण कमलों पर
शीश झुकाते हैं बारम्बार।

अंग्रेजी प्रार्थना के रचनाकार संस्था के पूर्व अध्यक्ष डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया है। इस प्रार्थना को हिन्दी मे अनुवाद पद्मश्री सम्मानित डॉ. रवीन्द्र कुमार ने किया है।

कविता

## हास्यमेव जयते

# सुपनो

इक दिन सुपनै में चाणचुकै
आयर मेरै हेमा मालण।
तकिये म्हारै बैठी दिल में
जद चटका सा लाग्य चालण।।

बोली-ताऊ! कठ्ठै रै है?
दीखै ई कोनी आजकाल।
यूं कह मेरै मुंह पर अपणी
जुल्फां रा बिखरा दिया बाल।।

बै खुलियोड़ी जुल्फां मेरै
चैरै पर यूं लहराण लगी।
ज्यूं चंवर सुरग सूं आय मेरै
कोई अपसरा ढुलाण लगी।।

मैं न्ह्याल होयग्यो जद देखी
बीं स्वप्न सुंदरी नै कन्नै।
मेरै माचै पर बैठी यूं
जद होस नहीं रैयो मन्नै।।

मैं खुस होर्‌यो हो "सीन" देख
इतणै में धरमेन्दर आग्यो।
बो पकड चादरो खींच्यो झट
सुपनो टूट्यो अर मैं जाग्यो।।

तो सीन बदलग्यो झट सारो
अब तनै बताऊं के भाई।
जो पकड़ चादरो खींच्यो बा
निकली धापूड़ी की ताई।।

हेमा मालण री जगां खड़ी
ताई हँसरी मुस्कारी ही।
बोली - जी! भैंस थारै मुंह पर
रामार्‌यो पूंछ हिलारी ही।।

मैं खूब हँस्यो ई सुपनै पर
जद समझ पड्‌यो किस्सो सारो।
जिणनै मैं जुल्फ समझर् यो हो
बा पूंछ भैंस री ही यारो।।

बा स्वप्न सुन्दरी भैंस उर्फ
हेमा मालण लहरा कर कै।
जुल्फां ई रैगी रख देती
नहिं जुल्म कोई भी ढाह कर कै।।

मैं सोची आ भी ठीक रयी
नहिं काम घणो होतो खोटो।
बा सुपनै री हेमा मालण
जे मुंह पर कर ज्याती पोटो।।

– **ताउ शेखावाटी**

हाइकु काव्य

# सवाल मोटो

**– केसरीकांत शर्मा 'केसरी'**, मण्डावा

१. आंधा में काणां
राजा व्है यै आपणां
काव्वा कागला!

२. अब तो भाया,
सांस लेणो (भी) दूमर
यो विकास है!

३. मैं बोलूं कोनी
(हां,) हाइकु में केयद्‌यूं,
समझ ज्यावो!

४. पग्हां री धूळ
सिर पर आरी है,
जीणो भारी है!

५. कटु जथार्थ
कल्पनातीत हुवै,
झेलणो ओरवो!

६. पूछ नं सको (थे)
म्हारी आय रो स्रोत,
हाय ना गेरो!

७. है सो तो है ही
आं नै बदळं कैयां,
सवाल मोटो!

८. "रावण होसी,
जो कोयी लंका जासी" १
क्यूं ल्यो हो खांसी!

९. "कांयी खोजै है?"
"विचार! कोनी ल्हाद्‌यो,
थे देख्यो हो के?"

१०. "केसियो कठे (है)?"
"हाइकु (ड़ा) में सव्वगो"
"मोथो कठै रो!"

१. "जो कोबी लंका जाबे, से रावण होवै" – अेक बंगाली कैबत

२. टावरपणै से अेक नाम

# सम्मेलन में नए सदस्यों का स्वागत!

## आजीवन सदस्य

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| श्री पवन कुमार टिबड़ेवाल<br>झंझारपुर आर. एस<br>मधुबनी, बिहार | श्री प्रमोद कुमार भगेरिया<br>झंझारपुर आर. एस.<br>मधुबनी, बिहार | श्री बिष्णु अग्रवाल<br>चर्च कम्पाउण्ड के नजदीक<br>वारीपथ, पटना, बिहार | श्री राजेश मखरीया<br>एफ६८/७१, खेतान<br>सुपर मार्केट, पटना, बिहार | श्री अरविन्द कुमार गोयल<br>नरपतगंज रोड, फर्णविसगंज,<br>जिला - अररिया, बिहार |
| श्री प्रदीप कुमार<br>४०५, ओम बिहार अपार्टमेन्ट<br>कदमकुआँ, पटना, बिहार | श्री सुनिल कुमार तोदी<br>४०५, ओम बिहार अपार्टमेन्ट<br>कदमकुआँ, पटना, बिहार | श्री निर्मल कुमार राहुल<br>एफ ७८/७९, खेतान<br>सुपर मार्केट, बिड़ला मंदीर<br>रोड, पटना, बिहार | श्री उत्सव सिंघानिया<br>डी. जी. १५, डूमराव प्लेस<br>फ्रेजर रोड, पटना, बिहार | श्री सुनिल कुमार अग्रवाल<br>फ्रेजर रोड, पटना<br>बिहार |
| श्री राकेश संगनेरिया<br>३०८, जगदीश इंक्लेव<br>एक्जीविशन रोड, पटना, बिहार | श्री बिपीन कुमार चाचन<br>४०१, जगदीश इंक्लेव<br>एक्जीविशन रोड, पटना, बिहार | श्रीमती अनामिका देवी<br>प्रथम तल, बंका बाजार<br>मोतीझील, मुजफ्फरपूर, बिहार | श्रीमती दया रानी अग्रवाल<br>नाला रोड, पटना<br>बिहार | श्रीमती नीना मोटानी<br>आर्य कुमार रोड, पटना<br>बिहार |
| श्री अशोक कुमार मोर<br>३०४, कैलाश अपार्टमेन्ट<br>कंकड़बाग, पटना, बिहार | श्री शिव भगवान गुप्ता<br>चुना भट्टी, दरभंगा<br>बिहार | श्री गिरीश कुमार रूँगटा<br>७०३, गंगोत्री अपार्टमेन्ट<br>एक्जीबिशन रोड, पटना, बिहार | श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल<br>राम नगर, पश्चिम चम्पारण<br>बिहार | श्री महेश कुमार रूँगटा<br>७०३, गंगोत्री अपार्टमेन्ट<br>एक्जीबिशन रोड, पटना, बिहार |
| श्री धीरज कुमार सुल्तानियाँ<br>एल. सी. टी. घाट, मेनपुरा<br>पटना, बिहार | श्री मालवीका सुरेका<br>३०४, गंगोत्री अपार्टमेन्ट<br>एक्जीबिशन रोड, पटना, बिहार | श्री सत्यनारायण वर्मा<br>घाघा गली चौक, पटनासिटी<br>पटना, बिहार | श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल<br>डॉ. मोती वर्मा के नजदीक<br>नया बाजार, सहरसा, बिहार | श्री अरूण कुमार दहलान<br>मे. सोनी बर्तन भण्डार<br>दहलान चौक, सहरसा, बिहार |
| श्री राधेश्याम अग्रवाल<br>विमला काम्पलेक्स, बड़ी दुर्गा<br>स्थान रोड, सहरसा, बिहार | श्री राजीव केड़िया<br>गांधी चौक, देश लैंड<br>टावर चौक, दरभंगा, बिहार | श्री निखील कुमार केड़िया<br>टावर चौक, दरभंगा<br>बिहार | श्री नीरज मस्करा<br>करपुरी स्थान चौक<br>बेगुसराय-८५११०१,बिहार | श्री अशोक पंसारी<br>मारवाड़ी स्कुल रोड<br>दरभंगा, बिहार |
| श्री प्रेम कुमार केजरीवाल<br>स्टेशन रोड, झंझारपुर<br>मधुबनी, बिहार | श्री नीरज कुमार खेड़ीया<br>बड़ा बाजार, गांधी चौक<br>दरभंगा, बिहार | श्री श्याम सुन्दर शर्मा<br>बड़ा बाजार, दरभंगा<br>बिहार | श्री ललीत कुमार खेतान<br>पंचनाथ मंदीर के नजदीक<br>गांधी चौक, दरभंगा, बिहार | श्री धीरज कानोड़िया<br>बी-८, बाजार समिति<br>दरभंगा, बिहार |
| श्री लक्ष्मण पंसारी<br>बी-२०, बाजार समिति<br>दरभंगा, बिहार | श्री राजेश कुमार केजरीवाल<br>किल्ला घाट, दरभंगा,<br>बिहार | श्री सत्यनारायण भरतिया<br>बाटा बाजार, गांधी चौक<br>दरभंगा, बिहार | श्री बद्री प्रसाद महनसरिया<br>गुल्लोबाड़ा, ईमलीघाट<br>दरभंगा, बिहार | श्री सुबोध कुमार सरावगी<br>बड़ा बाजार, दरभंगा<br>बिहार |
| श्री सुभाष कुमार सरावगी<br>बड़ा बाजार, दरभंगा<br>बिहार | श्री ओम प्रकाश सराफ<br>१३/६०६, बड़ा बाजार<br>बोहरा गली, दरभंगा, बिहार | श्री पुरुषोत्तम कुमार केड़िया<br>सुभाष चौक, दरभंगा<br>बिहार | श्री गोपाल प्रसाद कानोड़िया<br>कानोड़िया निवास, गुल्लोबाड़ा<br>दरभंगा, बिहार | श्री सुशील अग्रवाल<br>प्रथम तल, राजस्थान कालोनी<br>बंदर बगीचा, पटना, बिहार |
| श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल<br>एक्जीबिशन रोड, पटना<br>बिहार | श्रीमती प्रीति बजाज<br>४०३, विशाल सुमित्रा अपार्टमेन्ट<br>राजेन्द्र नगर, पटना, बिहार | श्रीमती ऋितिका देवी<br>१बी, नलीनी अपार्टमेन्ट<br>नवराष्ट्र लेन, पटना, बिहार | श्री शंकर लाल अग्रवाल<br>२०१, सुन्दरम अपार्टमेन्ट<br>सिन्हा लायब्रेरी रोड,<br>पटना, बिहार | श्री दुर्गा प्रसाद सिंघानिया<br>फ्लेट नं.-२०२, द्वितीय तल<br>जहाजी कोठी, कदमकुआँ<br>पटना, बिहार |
| श्री अमित अग्रवाल<br>मेन रोड, बखरी बाजार<br>बेगुसराय, बिहार | श्री राजेश अग्रवाल<br>मेन रोड, बखरी बाजार<br>बेगुसराय, बिहार | श्री मुरारी प्रसाद सुल्तानियाँ<br>बखरी बाजार, बेगुसराय<br>बिहार | श्री बिष्णु कुमार सराफ<br>आशा पोखर के सामने<br>बखरी बाजार, बेगुसराय, बिहार | श्री बिजय कुमार नेमानी<br>कला निकेतन, बखरी बाजार<br>बेगुसराय, बिहार |
| श्रीमती मंजु अग्रवाल<br>मेन रोड, बखरी बाजार<br>बेगुसराय, बिहार | श्री रणधीर तुलस्यान<br>मेन रोड, बखरी बाजार<br>बेगुसराय, बिहार | श्री नितेश बगरिया<br>बखरी बाजार, बेगुसराय<br>बिहार | श्री पुवन कुमार नेमानी<br>पो. बखरी बाजार<br>बुगुसराय, बिहार | डॉ. राधेश्याम वर्मा<br>बखरी बाजार, बेगुसराय<br>बिहार |
| श्री बसंत कुमार पंसारी<br>सिमराही बाजार<br>सुपौल बाजार, बिहार | श्री अरविन्द कुमार अग्रवाल<br>सिमराही बाजार, सुपौल<br>बिहार | श्री निशांत दहलान<br>करजई रोड, सिमराही बाजार<br>सुपौल, बिहार | श्री राज कुमार चंद<br>प्रतापगंज रोड, सिमराही रोड<br>सुपौल, बिहार | श्री घनश्याम लाल माधोगड़िया<br>सिमराही बाजार, सुपौल<br>बिहार |

*With Best Compliments from :*

# Ganpati Industrial Pvt. Ltd.

(Re-Roller & Manufacturer of Railway Track Materials)

**Regd. Office :**
'Nicco House', 3rd Floor
2, Hare Street
Kolkata - 700 001
Tel : 033 2248 4772/0675/0695
Fax : 033 2248 1877
E-mail: sales@jekay.com

Website: www.jekay.com


**Factory :**
Plot No. 65 & 66
Urla Industrial Area, Sector-C
Raipur-493 221 (C.G.)
Tel: 0771 4212 511/512/514
Fax No. 0771 4212 555

**AUM CAPITAL**

YOUR TRUST IS OUR WEALTH

21 YEARS OF SERVICE

*Thank you investors for your support in achieving 50000 crore volume in the year 2016-17*




**Highest Mutual Fund AUM in 2016-17 : 52959800000**




www.aumcap.com

Trinity Building, Unit - 6, 6th Floor, 226/1, A.J.C. Bose Road, Kolkata - 700020 • P : +91 33 3058 8405

# सम्मेलन में नए सदस्यों का स्वागत!

## आजीवन सदस्य

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| श्री नीरज कुमार पंसारी (विल्टु)<br>सिमराही बाजार, सुपौल<br>बिहार | श्री दीपक कुमार खेतान<br>सिमराही बाजार, सुपौल<br>बिहार | श्री अंजनी माधोगड़िया<br>सिमराही बाजार, सुपौल<br>बिहार | श्री सुनिल कुमार मोहनका<br>गणपतगंज, सुपौल,<br>बिहार | श्री दीनानाथ अग्रवाल<br>मे. अग्रवाल मेडीकल हॉल<br>गणपतगंज, सुपौल, बिहार |
| श्री श्याम सुंदर अग्रवाल<br>मे. अन्नपूर्णा हार्डवेयर<br>गणपतगंज, सुपौल, बिहार | श्री जय प्रकाश भरतिया<br>मे. भरतिया एण्ड भरतिया<br>गणपतगंज, सुपौल, बिहार | श्री शिव कुमार मोहनका<br>मे. शिव वस्त्रालय<br>गणपतगंज, सुपौल, बिहार | श्री राज कुमार अग्रवाल<br>रंगोली, फ्रेजर रोड<br>पटना, बिहार | श्री जय प्रकाश बंका<br>मुरलीधर शंकरलाल<br>सुतापट्टी, मुजफ्फरपुर<br>बिहार |
| श्री ओम प्रकाश अग्रवाल<br>मे. अग्रवाल गारमेन्टस<br>ठाकुरबाड़ी रोड, पटना,<br>बिहार | श्री ओम प्रकाश सरावगी<br>प्रफुल्ल पलेस, गोविन्द<br>मित्रा रोड, पटना, बिहार | श्री अंकित अग्रवाल<br>राजस्थान कालोनी<br>फ्रेजर रोड, पटना, बिहार | श्री मुकेश कुमार गोयल<br>३०३, शिवम ब्लाक<br>फ्रेजर रोड, पटना, बिहार | श्री सज्जन लाल बंका<br>सिकन्दरपुर रोड, सरायगंज<br>मुजफ्फरपुर, बिहार |
| श्री गरीब नाथ बंका<br>प्रथम तल, शांति मार्केट<br>सुतापट्टी, मुजफ्फरपुर, बिहार | श्री पंकज लुहारुका<br>मे. पंकज किराना स्टोर<br>कदमकुआँ, पटना, बिहार | श्री हनुमान सहाय गोयल<br>४०२, महावीर इंक्लेव<br>एक्जीबिशन रोड, पटना, बिहार | श्री अमित कुमार अग्रवाल<br>फ्लैट ३०२ए, एम.जी.<br>रेजीएन्सी, पटना, बिहार | श्री विवेक कुमार बजाज<br>बजाज भवन, लाल बाग,<br>दरभंगा, बिहार |
| श्री दिलीप कुमार शर्मा<br>४५ए, शमशेरगंज<br>बड़ा बाजार, दरभंगा, बिहार | श्री पंकज कुमार बजाज<br>मे. श्री शक्ति डिस्ट्रीब्युटर<br>लाल बाग, दरभंगा, बिहार | श्री प्रवीण कुमार गोयनका<br>मे. अग्रवाल मेडीकल हॉल<br>टावर चौक, दरभंगा, बिहार | श्री श्याम कुमार पंसारी<br>पूनम सिनेमा रोड, लाल बाग<br>दरभंगा, बिहार | श्री कृष्ण कुमार पंसारी<br>पूनम सिनेमा रोड<br>लाल बाग, दरभंगा, बिहार |
| श्री विश्वनाथ बारोलिया<br>पूनम सिनेमा रोड,<br>लाल बाग, दरभंगा, बिहार | श्री संजय सरावगी<br>वार्ड नं.-१२, लाल बाग<br>दरभंगा, बिहार | श्री प्रदीप कुमार चौधरी<br>प्रह्लाद राय प्रदीप कुमार<br>लाल बाग, दरभंगा, बिहार | श्री प्रवीण कुमार बारोलिया<br>मे. उत्सव डॉट काम<br>गुल्लोवाड़ा, दरभंगा, बिहार | श्री नीरज कुमार पंसारी<br>मसरफ बाजार<br>दरभंगा, बिहार |
| श्री सज्जन कुमार महेशका<br>राजेन्द्र प्रसाद पथ,<br>भागलपुर, बिहार | श्री त्रिभुवन केड़िया<br>बबूआगंज, पो. खगड़ीया<br>खगड़ीया, बिहार | श्री विवेक कुमार झुनझुनवाला<br>१०८, आशियाना टावर<br>एक्जीविशन रोड, पटना,<br>बिहार | श्रीमती कान्ता मोहनका<br>२४, अजय नीलियन<br>बोरिंग रोड, पटना, बिहार | श्री पुरूषोत्तम लाल टिबड़ेवाल<br>गुरुद्वारा गली के बगल में<br>फ्रेजर रोड, पटना, बिहार |
| श्री संदीप अग्रवाल<br>१६, श्रीकुंज अपार्टमेन्ट<br>किदवईपूरी, पटना, बिहार | श्री पियुष चौधरी<br>५०६, गंगोत्री अपार्टमेन्ट<br>एक्जीबिशन रोड, पटना,<br>बिहार | श्री विजय कुमार खेमका<br>४०८, आशियाना हर निवास<br>डॉक बंगला रोड, पटना, बिहार | श्री विवेक अग्रवाल<br>हीरा नंद की गली<br>पटनासिटी, बिहार | श्री रमेश कुमार<br>मे. महेश सिंथेटिक<br>रामबाग, पटनासिटी, बिहार |
| श्री कन्हैया डोकानियाँ<br>मे. के. पी. ब्रदर्स, घाघागली,<br>पटनासिटी, पटना, बिहार | श्री दीन दयाल अग्रवाल<br>मे. श्री श्याम टेक्सटाईल्स<br>मधेपुर, मधुबनी, बिहार | श्री भवरलाल सेठीया<br>डी. डी. रोड, फरविसगंज<br>जिला - अररिया, बिहार | श्री मूलचंद गोल्छा<br>मे. गोल्छा उद्योग, फरविसगंज,<br>जिला-अररिया, बिहार | श्री आजातशत्रु अग्रवाल<br>आर. बी. लेन, वार्ड नं.-५<br>फरविसगंज,<br>जिला-अररिया, बिहार |
| श्री अशोक कुमार दुगड़<br>गोरहाटी रोड, फरविसगंज<br>जिला - अररिया, बिहार | श्री निर्मल मोदी<br>सदर रोड, फरविसगंज<br>अररिया, बिहार | श्री विजय कुमार अग्रवाल<br>अस्पताल रोड, फरविसगंज,<br>जिला - अररिया, बिहार | श्री महेन्द्र बैद्य<br>दीनदयाल चौक, वार्ड नं.-७,<br>फरविसगंज, अररिया, बिहार | श्री खेम चंद भंसाली<br>सदर रोड, फरविसगंज<br>जिला - अररिया, बिहार |
| श्री अशोक कुमार रखेजा<br>मे. दिव्या इंटरप्राइजेज<br>मस्जिद रोड, फरविसगंज<br>अररिया, बिहार | श्री ब्रिज मोहन अग्रवाल<br>सुपारी गोला, महाराजा<br>अग्रसेन रोड, फरविसगंज,<br>अररिया, बिहार | श्री सुभाष चंद अग्रवाल<br>महाराजा अग्रसेन रोड<br>फरविसगंज,<br>जिला - अररिया, बिहार | श्री मोती लाल शर्मा<br>फरविसगंज,<br>जिला - अररिया, बिहार | श्रीमती उषा किरण<br>डी.ए.पुष्प बिहार अपार्टमेंट<br>एक्जीबिशन रोड, पटना<br>बिहार |
| डॉ. सचिन खेतान<br>६५, डाक्टर्स कालोनी<br>कंकड़बाग,<br>पटना - ८०००२०, बिहार | डॉ. रतन कुमार अग्रवाल<br>हनुमान नगर, आदमपुर<br>भागलपुर, बिहार | श्री शीशीर अग्रवाल<br>५०२, संतोषा अपार्टमेन्ट<br>फ्रेजर रोड, पटना, बिहार | श्री संजय कुमार बैद्य<br>बी-२ए, अलख राज<br>अपार्टमेन्ट, बोटिंग कैनल<br>रोड, पटना, बिहार | श्री पियुष कुमार केडिया<br>छठवाँ तल, विंग - बी<br>पुजा अपार्टमेन्ट, पटना, बिहार |
| श्री विशाल कुमार अग्रवाल<br>शाप नं.-८, राधेकृष्ण<br>काम्पलेक्स, पटना, बिहार | श्री लक्ष्मण प्रसाद भिवानीवाला<br>रघुवंश रोड, मुजफ्फरपुर<br>बिहार | डॉ. सुशील कुमार<br>लहेरियासराय, दरभंगा<br>बिहार | श्री दीपक लोहिया<br>मे. लोहिया आटो सेन्टर<br>आर. एन. शाह चौक<br>पूर्णिया, बिहार | श्री राज कुमार नथानी<br>जे. डी. नथानी मार्केट<br>सुतापट्टी, मुजफ्फरपुर, बिहार |

# सम्मेलन में नए सदस्यों का स्वागत!

| आजीवन सदस्य | | | | |
|---|---|---|---|---|
| श्री नुतन कुमार नथानी<br>जे. डी. नथानी मार्केट<br>सुतापट्टी, मुजफ्फरपुर, बिहार | श्री बिनोद कुमार खेतान<br>पिरमुहानी, कदमकुआँ<br>पटना, बिहार | श्री पवन कुमार बंका<br>मे. पवन ट्रेडर्स, सुतापट्टी,<br>मुजफ्फरपुर, बिहार | श्री शम्भु नाथ बंका<br>शांति मार्केट, प्रथम तल<br>सुतापट्टी, मुजफ्फरपुर, बिहार | श्री विकाश कुमार केजरीवाल<br>मे. संजय होजियरी<br>मुजफ्फरपुर, बिहार |
| श्री अजय कुमार जगनानी<br>२१८, आशियाना टावर<br>एक्जीबिशन रोड, पटना, बिहार | श्री विवेक कसेरा<br>आर्यसमाज मंदिर के सामने<br>पटनासिटी, पटना, बिहार | श्री रितेश मोदी<br>२०१, विमला अपार्टमेन्ट<br>लांगुरगली, पटनासिटी, बिहार | श्री राज कुमार गोयनका<br>गोयनका मार्केट, मच्छरहट्टा<br>पटनासिटी, पटना, बिहार | श्रीमती मीरा झुनझुनवाला<br>२०२, सुर्य बिहार अपार्टमेन्ट<br>एक्जीबिशन रोड,<br>पटना-८०००01, बिहार |
| सुश्री शिविका झुनझुनवाला<br>२०२, सुर्या बिहार अपार्टमेन्ट<br>एक्जीबिशन रोड,<br>पटना-८०००01, बिहार | श्री गौरव झुनझुनवाला<br>में होटल विजयश्री डिलक्स<br>एक्जीबिशन रोड,<br>पटना-८०००01, बिहार | श्री प्रदीप कुमार गर्ग<br>जी-१, हसन काम्पलेक्स<br>एक्जीबिशन रोड,<br>पटना - ८०००01, बिहार | श्री संजय कुमार कन्दोई<br>कन्दोई निवास, लालबाग<br>दरभंगा, बिहार | श्री दीनदयाल ढ़ाँढ़निया<br>गुदड़ी बाजार, सौदागर<br>मोहल्ला, दरभंगा, बिहार |
| श्री अनुप कुमार गोयनका<br>सुरभी शिशु, शुक्ला मार्केट<br>टावर चौक, दरभंगा, बिहार | श्रीमती कविका सुरेका<br>३०२-बी, एम. पी. रेजेन्सी<br>भट्टाचार्या रोड, पटना, बिहार | श्री अभिवन सुरेका<br>३०२-बी, एम. पी. रेजेन्सी<br>भट्टाचार्या रोड, पटना, बिहार | श्री सुरेश चन्द्र बंका<br>ईस्ट बोरिंग कैनल रोड<br>पटना, बिहार | डॉ. सुधांशु अभय बंका<br>ईस्ट बोरिंग कैनल रोड<br>पटना, बिहार |
| श्री अमित भारती गर्ग<br>राजा मार्केट एक्जीबिशन रोड<br>पटना, बिहार | श्री शरद गुप्ता<br>मे. माडर्न आटो एजेन्सी<br>एक्जीबिशन रोड, पटना, बिहार | श्री नवीन गुप्ता<br>१०, नारायणी प्लाजा<br>एक्जीबिशन रोड, पटना, बिहार | श्री महेन्द्र प्रसाद<br>मे. गोयल वस्त्रालय, अशोक<br>राजपथ, पटना, बिहार | श्री संजय बूबना<br>बी१०५, शांति विहार अपार्टमेंट<br>फ्रेजर रोड, पटना, बिहार |
| श्रीमती बबीता बूबना<br>बी१०५, शांति बिहार<br>अपार्टमेंट, फ्रेजर रोड,<br>पटना, बिहार | श्री राधेश्याम मोटानी<br>मुजफ्फरपुर<br>बिहार | श्री श्याम कुमार पोद्दार<br>दुर्गा स्थान, गोला रोड के<br>नजदीक, मुजफ्फरपुर, बिहार | श्री मनमोहन दास अग्रवाल<br>ए. पी. लेन, मोतीझील<br>मुजफ्फरपुर, बिहार | श्री रविश नथानी<br>विशाल सिनेमा के सामने<br>सराईगंज, मुजफ्फरपुर, बिहार |
| श्रीमती ऋतु झुनझुनवाला<br>३१२, शिवम अपार्टमेन्ट<br>सैयदपुर, पटना, बिहार | श्री अनिल अग्रवाल<br>बालाजी भवन के सामने<br>न्यु डाक बंगला रोड<br>पटना, बिहार | श्री प्रदीप कुमार बंका<br>पशुपति नाथ मार्केट, शीतला<br>गली, मुजफ्फरपुर, बिहार | श्री अमित कुमार केजरीवाल<br>जवाहरलाल रोड<br>मुजफ्फरपुर, बिहार | श्री विक्रम शर्मा<br>मे. श्याम प्रिन्टर्स, बड़ा<br>बाजार, दरभंगा, बिहार |
| श्री संजय कुमार बैद्य<br>बी२ए, अलख राज<br>अपार्टमेन्ट, पूर्बी बोरिंग<br>कैनाल रोड, पटना, बिहार | श्री विनोद झुनझुनवाला<br>५११ए, आशियाना प्लाजा<br>बुद्धमार्ग, पटना, बिहार | श्री विजय कृष्ण अग्रवाल<br>मे. ममता, बोरिंग रोड<br>पटना, बिहार | श्री नरेश कुमार अग्रवाल<br>फ्लैट नं.-३०२, दुर्गा बिहार<br>अपार्टमेन्ट, पटना, बिहार | श्री राहुल खण्डेलवाल<br>३०३, ओम बिहार अपार्टमेन्ट<br>कदमकुआँ, पटना, बिहार |
| श्री राज कुमार अग्रवाल<br>एक्जीबिशन रोड<br>पटना, बिहार | श्री ओम प्रकाश पोद्दार<br>प्रथम तल, खेतान सुपर<br>मार्केट, पटना, बिहार | श्री बिष्णु प्रसाद टिबड़ेवाल<br>मे. मनपसन्द वस्त्रालय<br>मधेपुर, मधुबनी, बिहार | श्री सत्यनारायण प्रसाद टिबड़ेवाल<br>मे. भैराइटी स्टोर<br>पो. मधेपुर, मधुबनी, बिहार | श्री शिव अग्रवाल<br>एक्जीबिशन रोड<br>पटना, बिहार |
| श्री अलोक कुमार लोहिया<br>रजनी चौक, पूर्णिया<br>बिहार | श्री सुनिल कुमार सराफ<br>अनुपम काम्पलेक्स, सिकन्दपुर<br>रोड, मुजफ्फरपुर, बिहार | श्री संदीप कुमार जालान<br>३२, गौतमी रंजन अपार्टमेन्ट<br>किदवईपुरी, पटना, बिहार | श्रीमती शारदा जालान<br>३२, गौतमी रंजन अपार्टमेन्ट<br>किदवईपुरी, पटना, बिहार | श्री अंकित कुमार<br>३२, गौतमी रंजन अपार्टमेन्ट<br>किदवईपुरी, पटना, बिहार |
| श्री बिनोद कुमार डाबरीवाल<br>१०४, ओम बिहार अपार्टमेन्ट<br>कदमकुआँ, पटना, बिहार | श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल<br>शीतला गली, सुतापट्टी,<br>मुजफ्फरपुर, बिहार | श्री बसंत कुमार बैरोलिया<br>बाजार समिति, दरभंगा<br>बिहार | श्री सौरभ कुमार सुरेका<br>मारवाड़ी स्कुल रोड<br>दरभंगा, बिहार | श्रीमती उर्मिला सुरेका<br>मारवाड़ी स्कुल रोड<br>दरभंगा, बिहार |
| श्री वरूण कुमार सुरेका<br>वलभद्रपुर, लहेरियासराय<br>दरभंगा, बिहार | श्री महाबीर प्रसाद सराफ<br>मे. सराफ ब्रदर्स<br>मिर्जापुर, दरभंगा, बिहार | श्री सुशील कुमार जैन<br>मे. जय तुलसी इंटरप्राइजेज<br>गुल्लोबाड़ा, दरभंगा, बिहार | श्री विजय कुमार बैरोलिया<br>कैनरा बैंक के नजदीक<br>लाल बाग, दरभंगा, बिहार | श्री अनिल कुमार चैधरी<br>मे. तिरुपति इंफोटेक<br>सुभाष चौक, दरभंगा, बिहार |
| श्री मुरारी लाल शर्मा<br>गणपतगंज, जिला - सुपौल<br>बिहार | श्री त्रिलोक चंद बाफना<br>मे. जैन वस्त्रालय<br>पो. त्रिवेणीगंज, सुपौल, बिहार | श्री नंद किशोर चोरवानी<br>मे. अन्नपूर्णा वस्त्रालय<br>पो. त्रिवेणीगंज, सुपौल, बिहार | श्री निरंजन कुमार अग्रवाल<br>मे. शंकर वस्त्रालय<br>पो. त्रिवेणीगंज, सुपौल, बिहार | श्री शंकर लाल शारदा<br>मे. जयनारायण शंकरलाल शारदा<br>करजईन बाजार, सुपौल, बिहार |

# सम्मेलन में नए सदस्यों का स्वागत!

| आजीवन सदस्य | | | | |
|---|---|---|---|---|
| श्री शंकर कुमार डागा<br>मे. शंकर आयरन स्टोर्स<br>करजईन बाजार, सुपौल, बिहार | श्री नारायण प्रसाद शारदा<br>मे. श्री बजरंग स्टोर्स<br>करजईन बाजार, सुपौल, बिहार | श्री महेश जोशी<br>मारवाड़ी टोला, राघोपुर<br>सुपौल, बिहार | श्री राहुल कुमार अग्रवाल<br>स्टेशन रोड, राघोपुर<br>सुपौल, बिहार | श्री अर्जुन कुमार भदानी<br>पो. जीयाराम राघोपुर थाना<br>सुपौल, बिहार |
| श्री मनोज कुमार माधोगढ़िया<br>ग्राम-दुर्गापुर, पो. राघोपुर<br>जिला-सुपौल, बिहार | श्री गोपाल चंद<br>पो. जीयाराम राघोपुर<br>मारवाड़ी मोहल्ला, सुपौल, बिहार | श्री उमेश कुमार अग्रवाल<br>स्टेशन रोड राघोपुर<br>सुपौल, बिहार | श्री नीरज कुमार अग्रवाल<br>पो. जीयाराम राघोपुर<br>सुपौल, बिहार | श्री ललित कुमार माधोगढ़िया<br>ग्राम-दुर्गापुर, पो. जीयाराम<br>माधोपुर, सुपौल, बिहार |
| श्री पारस कुमार छाजेड़<br>पो. जीयाराम राघोपुर<br>सुपौल, बिहार | श्री अमित अग्रवाल<br>वार्ड नं. ९, ग्राम-पिपरही<br>सुपौल, बिहार | श्री राधे मोहन हरलालका<br>ग्राम - दुर्गापुर, पो जीयाराम<br>राघोपुर, सुपौल, बिहार | श्री अमित कुमार सिंहानियाँ<br>रघुनाथ सहाय लेन<br>भागलपुर सिटी, बिहार | श्री नरेश खेमका<br>मे. नरेश ट्रेडर्स, हरियापट्टी<br>सुजागंज, भागलपुर, बिहार |
| श्री प्रदीप कुमार चुरीवाल<br>मे. भगवान वस्त्रालय<br>कुरसेला, कटिहार, बिहार | श्री अशोक कुमार अग्रवाल<br>मे. वुरसेला आटो मोबाईल<br>एन.एच.-३१, कुरसेला,<br>कटिहार, बिहार | श्री बाबूलाल चिरानियाँ<br>अयोध्यागंज बाजार<br>कुरसेला, कटिहार, बिहार | श्री माणीक प्रसाद अग्रवाल<br>अयोध्यागंज बाजार<br>कुरसेला, कटिहार, बिहार | श्री संतोष कुमार अग्रवाल<br>कुरसेला, एन.एच.-३९<br>कटिहार, बिहार |
| श्री विष्णु कुमार अग्रवाल<br>मे. बालाजी ट्रेडर्स, अयोध्यागंज<br>बाजार, कुरसेला, बिहार | श्री कृष्ण कुमार मुरारका<br>मे. श्री श्याम साइकिल<br>मेन रोड, बासोपट्टी,<br>मधुबनी, बिहार | श्री विजय कुमार मुरारका<br>पेट्रोल पम्प, मेन रोड,<br>बासोपट्टी, मधुबनी, बिहार | श्री सुरेश प्रसाद मुरारका<br>मे. आरा मशीन, महावीर चौक<br>गली, बासोपट्टी, मधुबनी, बिहार | श्री राजेश मित्तल<br>मे. मित्तल ट्रेडर्स, मेन रोड,<br>बासोपट्टी, मधुबनी, बिहार |
| श्री सुशील कुमार मुरारका<br>मे. वरूण वस्त्रालय, मेन रोड<br>पो. बासोपट्टी, मधुबनी,<br>बिहार | श्री रमेश कुमार मुरारका<br>मे. रानीसती एजेन्सी<br>बासोपट्टी, मधुबनी, बिहार | श्री संतोष कुमार मुरारका<br>मे. श्री श्याम एजेन्सी<br>बासोपट्टी, मधुबनी, बिहार | श्री संदीप चौधरी<br>५०१ए, शांति बिहार अपार्टमेन्ट<br>फ्रेजर रोड, पटना, बिहार | श्री जीवन कुमार अग्रवाल<br>मच्छरहट्टा, पटना सिटी<br>पटना, बिहार |
| श्रीमती रेणु पंसारी<br>पुष्प बिहार अपार्टमेन्ट<br>एक्जीविशन रोड, पटना, बिहार | श्री घनश्याम अग्रवाल<br>मे. श्री शक्ति<br>हथुला रोड, वरीपथ<br>पटना, बिहार | श्री बृज मोहन अग्रवाल<br>बखरी बाजार<br>जिला-बेगुसराय, बिहार | श्री पंकज कुमार शर्मा<br>मे. एग्रो सर्विस सेन्टर<br>बखरी बाजार, बेगुसराय, बिहार | श्री विजय वर्मा<br>मे. विजय पुस्तक भवन<br>बरवरी बाजार, बेगुसराय, बिहार |
| श्री जगदीश भीमसरिया<br>धरमशाला रोड<br>ट्रांस्पोर्ट गली, सहरसा,<br>बिहार | श्रीमती उमा टिबड़ेवाल<br>झंझारपुर स्टेशन<br>जिला - मधुवनी, बिहार | श्री मनोज कुमार भगेरिया<br>मे. शिव शक्ति ट्रेडर्स<br>झंझारपुर स्टेशन, मधुवनी, बिहार | श्रीमती शाक्क्षी भगेरीया<br>मे. शिव शक्ति ट्रेडर्स<br>झंझारपुर स्टेशन, मधुवनी, बिहार | श्री पवन कुमार भगेरीया<br>मे. पवन किराना भण्डार<br>झंझारपुर स्टेशन, मधुवनी, बिहार |
| श्री अशोक कुमार भगेरीया<br>रेलवे बुक स्टॉल<br>झंझारपुर स्टेशन, मधुवनी, बिहार | श्री वीनित कुमार टिबड़ेवाल<br>मे. एस.एस. पी. एण्ड कं.<br>झंझारपुर स्टेशन, मधुवनी, बिहार | श्रीमती सारीका टिबड़ेवाल<br>मे. एस. एस. पी. एन्ड कं.<br>झंझारपुर स्टेशन, मधुवनी, बिहार | सुश्री मोनिका टिबड़ेवाल<br>मे. एस.एस.पी. एण्ड कं.<br>झंझारपुर स्टेशन, मधुवनी, बिहार | श्री संवरमल शर्मा<br>मे. शर्मा मेडिकल हॉल<br>झंझारपुर स्टेशन, मधुवनी, बिहार |
| श्री रमेश कुमार लोहिया<br>मे. मुकेश आलू कं.<br>झंझारपुर स्टेशन, मधुवनी, बिहार | श्री शिव प्रसाद टिबड़ेवाल<br>झंझारपुर स्टेशन, मधुवनी<br>बिहार | श्री शंकर प्रसाद टिबड़ेवाल<br>मे. विजय इंटरप्राइजेज<br>झंझारपुर स्टेशन, मधुवनी, बिहार | श्री राधेश्याम टिबड़ेवाल<br>झंझारपुर स्टेशन, मधुवनी<br>बिहार | श्री शम्भु प्रसाद अग्रवाल<br>मे. अनुपम रेडियम स्टोर<br>झंझारपुर स्टेशन, मधुवनी, बिहार |
| श्री अनुवेद बंसल<br>फैंसी स्टोर, झंझारपुर<br>स्टेशन, मधुवनी, बिहार | श्री अरूण कुमार चौधरी<br>मे. मुकेश स्टोर<br>झंझारपुर स्टेशन, मधुवनी, बिहार | श्री दिपक कुमार चौधरी<br>मे. जय दुर्गा स्टोर<br>झंझारपुर स्टेशन, मधुवनी, बिहार | श्री प्रदीप कुमार चौधरी<br>मे. चौधरी जेनेरल स्टोर<br>झंझारपुर स्टेशन, मधुवनी, बिहार | श्री संतोष प्रसाद केजरीवाल<br>झंझारपुर स्टेशन,<br>मधुवनी, बिहार |
| श्री आशीष सराफ<br>मे. सराफ किराना भण्डार<br>गुल्लोवाडा, दरभंगा, बिहार | श्री रमेश कुमार अग्रवाल<br>द्वारा - निरंजन कुमार सिंह<br>जगतनारायण लाल रोड<br>पटना, बिहार | श्री अक्षय कुमार अग्रवाल<br>४०२, हरि ओम अपार्टमेन्ट<br>एक्जीबिशन रोड, पटना, बिहार | श्री श्रबण कुमार अग्रवाल<br>कल्याणी काम्पलेक्स<br>एक्जीबिशन रोड, पटना, बिहार | श्री लक्ष्मी नारायण टेकरीवाल<br>मे. श्री बालाजी इंटरप्राइजेज<br>सब्जीबाग, पटना, बिहार |
| श्री गोविन्द अग्रवाल<br>मे. गोपाल इंटरप्राइजेज<br>बिड़ला मंदीर रोड, पटना, बिहार | डॉ. मनीष कुमार<br>चुनीहारी टोला<br>भागलपुर, बिहार | श्री अभिषेक कुमार खेमका<br>मे. अभिषेक सेल्स<br>गुलाबबाग, पुर्णिया, बिहार | श्री संजय मखरिया<br>मे. आर.एच.जी. इंटरप्राइजेज<br>बैंक रोड, सुतापट्टी,<br>मुजफ्फपूर, बिहार | श्री रंजीत कुमार साह<br>मे. महादेव लाल सुन्दर लाल<br>सुतापट्टी, मुजफ्फपुर, बिहार |



# IISD

SREI Foundation

*A Gateway to Careers*

*"Educate Morally & Technically"*
— Swami Vivekananda

Swami Vivekananda SREI Merit Scholarship upto 100%

Quality Higher Education at lowest prices
– a corporate social responsibility

| | |
|---|---|
| 3 Yrs. # **BBA** ₹ 75,000 | 2 Yrs. # **MBA** + PGPM ₹ 85,000 |
| 3 Yrs. # **BCA** ₹ 75,000 | # 2 Yrs. **MBA** (Hospital Mgmnt.) ₹ 95,000 |

2 Yrs. **PGDM** ₹ 1,00,000 (AIMA ALL INDIA MANAGEMENT ASSOCIATION)

2 Yrs. # **MBA + PGDM** ₹ 1,70,000 (AIMA ALL INDIA MANAGEMENT ASSOCIATION)

## DUAL SPECIALISATION AVAILABLE

### ELIGIBILITY & SELECTION

FOR MBA/PGDM

- BACHELOR'S DEGREE IN ANY DISCIPLINE WITH 50% SCORE
- APPEARING FOR FINAL DEGREE EXAMINATION
- GROUP DISCUSSION
- PERSONAL INTERVIEW
- APTITUDE TEST
- APPLICANTS WITH CAT / MAT / XAT ARE PREFERRED

## *Assistance for placement*

- Eminent Faculty
- Online Application Facility
- Regular / Weekend Classes
- Hostel
- AC Classrooms
- P G Accommodation

### Complimentary Courses

- Spoken English
- Foreign Languages
- Bengali & Sanskrit
- ERP Training (Microsoft Certified)
- Company Secretaryship / Chartered Accountancy / Administrative Services
- Entrepreneurship Development
- Theology

### Other Courses :


- Company Secretaryship
- Advocateship
- E-Tuition
- Montessori Teacher Training (1 Year Diploma)
- Retail Management
- Preparatory course for Entrance Examination of MD, MS, MRCP (Medicine) – Part-I and DNB – Part-I
- Language Courses : Functional English, Spoken English, Spanish, Italian, Russian, German, Chinese, Japanese, Arabic, Burmese, Persian, French, Korean, Sanskrit, Bengali and Hindi
- Indian Administrative Service (IAS) and Allied Services Examinations (Prelim and Main)
- WBCS (Executive) and Judicial Services Examinations (Prelim and Main)
- Chartered Accountancy (CPT, IPCC & Final)
- NDA / CDS – UPSC Examinations and SSB Interview
- Certificate Course on Computer Applications
- Advanced Diploma in Financial Management
- Vocational & Technical Training
- Entrepreneurship Development
- Diploma in Banking and Finance
- Certificate course on theology

# Recognised by UGC, Ministry of HRD, Govt. of India, Approved by Joint Committee of UGC, AICTE & DEC

## INSTITUTE FOR INSPIRATION & SELF DEVELOPMENT

IB-200/1, Sector-III, Salt Lake, Kolkata - 700 106
Ph : 2335 2378/2861, Fax : 2335 2379
E-Mail : info@iisdedu.in
Website : www.iisdedu.in

9, Syed Amir Ali Avenue, 5th Floor
Kolkata- 700017, Ph : (033) 2290 0338



LUX® cozi™
INNER WEAR
SUNO
TOH
APNE
DIL KI
www.luxinnerwear.com

REGISTERED Postal Registration
No. KOLRMS
Date of Publication - 24th May 2017
RNI Regd. No. 2866/68




From :
All India Marwari Federation
4B, Duckback House
41, Shakespeare Sarani, Kolkata-17
Phone : (033) 4004 4089
E-mail : aimf1935@gmail.com